खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

मुरादाबाद, सोमवार 30 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 223 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 10 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी कामः मायावती पेज 2



जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं : कोहली खेल टाइम्स



ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा सम्पादकीय



किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की टेंशन पेज 12

# ईरानी मिसाइलों से थर्राया सऊदी स्थित अमेरिकी एयरबेस

## ईरान ने किया कई एयरक्राफ्ट मार गिराने का दावा, कबाड़ बना दिखा अवाक्स

तेहरान, वार्ता

**पश्चिम एशिया** से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान 'ई-3 अवाक्स' मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। दावा करते हुए ईरान ने कुछ तस्वीरें भी जारी की हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि विशालकाय विमान का बीच का पूरा हिस्सा उड़ चुका है। इसके अलावा, विमानों में ईंधन भरने वाले रिफ्यूलिंग विमानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि बदले की इस कार्रवाई में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। वहीं, दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



■ ईरान ने हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का किया इस्तेमाल

### जो भी ईरान आएगा, ताबूत में लौटेगा

**अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर ईरानी मीडिया की चेतावनी, लिखा वेलकम टू हेल**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बलों की बढ़ती तैनाती के बीच, ईरानी अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने वाशिंगटन को चेतावनी भरा संदेश दिया है। अखबार ने शनिवार के अंक के पहले पृष्ठ पर बड़े अक्षरों में लिखा 'वेलकम टू हेल' और चेताया कि जो भी अमेरिकी सैनिक इरानी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे, वे सिर्फ ताबूत में लौटेंगे। अखबार की चेतावनी के ठीक समय पर लगभग 3,500 अमेरिकी मरीन सैनिक पश्चिम एशिया में अमेरिका के सेंट्रल कमांड क्षेत्र में तैनात किए गए। मरीन सैनिक यूएसएस त्रिपोली के जरिये जापान से रवाना किए गए, जो अमेरिका के सबसे बड़े अम्फीबियस असाल्ट जहाजों में से एक है। यह कदम पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तैनाती खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने के लिए अमेरिकी ऑपरेशन की तैयारी हो सकती है।



वाशिंगटनः 'नो किंग्स' ( डोनाल्ड ट्रम्प ) के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल मॉल में आयोजित एक रैली में नकली खून से लथपथ एक प्रदर्शनकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती के लिए रिश्वत लेने में सीआरपीफ के डीआईजी को तीन साल की सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीआरपीएफ में सिपाही (जीडी) भर्ती में रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन डीआईजी विनोद कुमार शर्मा, सीआरपीएफ कर्मी सत्यवीर सिंह व तीरथ पाल चतुर्वेदी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि वर्ष 2009 में सिपाही (जीडी) भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। डीआईजी विनोद कुमार शर्मा पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इसकी साजिश रचने के आरोप लगे थे। जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। जांच में पता चला था कि पैसे लेने के बाद उम्मीदवारों को भर्ती से जुड़ी जानकारियां पहले से मुहैया कराकर भर्ती में मदद की जाती थी। शिकायत पर सीबीआई ने 23 फरवरी 2009 को मामला दर्ज किया गया था।

### मेरठ में प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मौके पर एसडीएम सरधना उदित नारायण पहुंचे। उन्होंने 10 दिन का समय मांगा। एसडीएम ने कहा कि जाट शब्द वाली प्लेट कहीं खो गई। उसे खोजकर 10 दिनों में लगा दी जाएगी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन में जाट शब्द नहीं लगा, तो 16वें दिन पंचायत होगी। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया। इस दौरान करीब 45 मिनट तक धरना प्रदर्शन होता रहा। वहीं इस मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा कि पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है।

# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकटः मोदी

## कहाः भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार पर भरोसा करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं।

सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि जंग के चलते ऊर्जा संकटः साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी, लेकिन दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं। वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्राफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया।



■ मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया

### पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पलक्कड़ में बोलेः केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा
■ एलडीएफ-यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से केरल में भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। पलक्कड़ में रैली के बाद पीएम त्रिशूर पहुंचे हैं। यहां उनका रोड शो 34 मिनट तक चला।

सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ मौजूद रही। इससे पहले पलक्कड़ में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है।

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च को हुआ था। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारी मार्च करते हुए। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर और मैनहट्टन इलाके में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। कई प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की फोटो के साथ एपस्टीन लिखे हुए पोस्टर लहराए। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में प्रदर्शन के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (आईसीई) के दफ्तर के बाहर अमेरिकी झंडा जला दिया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लास एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में 'नो किंग्स' प्रदर्शन के दौरान लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले के जरिये अपना विरोध जताया। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था। इटली की राजधानी रोम में 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किए। मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।



■ 50 राज्यों में 3,300 जगह प्रदर्शन
■ ईरान वॉर और महंगाई मुद्दे को लेकर पद से हटाने की मांग
■ प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों से नाराज

# बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया।

घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि शर्म नहीं आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा कि मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ हो, तुम नरक में जाओगे।' पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार-बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 (धार्मिक भावनाएं आहत करने का प्रयास) और 352 (जानबूझकर अपमान) में केस दर्ज किया है।

■ आरोप- यूनिवर्सिटी ने क्लास में पीड़ित का सपोर्ट करने पर अन्य छात्रों को सस्पेंड किया

# होर्मुज स्ट्रेट संकट के बीच भारत को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इजरायल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं। इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है। भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी



■ दो और एलपीजी टैंकर करीब 94 हजार टन गैस लेकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे

## 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित

### केंद्र सरकार बोलीः एलपीजी आपूर्ति सामान्य

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई।

मंत्रालय के अनुसार, किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टाक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उद्योग स्तर पर एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वितरकों के स्तर पर किसी भी तरह के विचलन को रोकने के लिए, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी का प्रतिशत फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है। सरकार की ओर से बताया गया है कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टाक बना हुआ है। घरेलू खपत का समर्थन करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का आग्रह किया है।

■ साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई

# भांजी की शादी में आ रहे मामा की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा पक्का बाग निवासी अरशद उर्फ टिंकू की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। जिस घर में शादी की शहनाइयां गूंज रही थीं, वहां अचानक चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया।

बताया जाता है कि अरशद अपनी भांजी की नगीना में होने वाली शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से बाइक द्वारा धामपुर आ रहे थे। परिवार को उनके आने का बेसब्री से इंतजार था। नगीना में बहन के घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और हर चेहरे पर खुशी झलक रही थी। लेकिन किसी को क्या पता था कि यह खुशी कुछ ही पलों में गहरे गम में बदल जाएगी।

जैसे ही अरशद गजरौला क्षेत्र के बछरायूं के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका हेलमेट दूर जा गिरा और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



## खुशियों भरे घर में पसरा मातम

आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रातों-रात मौके के लिए रवाना हो गए। जब शव घर पहुंचा तो जहां कुछ देर पहले शादी की तैयारियों की हलचल थी, वहां सन्नाटा छा गया और परिजनों की चीखें हर किसी को झकझोरने लगीं। सबसे दर्दनाक दृश्य उस समय देखने को मिला जब जिस भांजी की शादी में शामिल होने के लिए मामा घर लौट रहे थे, उसी घर में उनकी मौत की खबर ने खुशियों को मातम में बदल दिया। पूरे मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी। आज दोपहर बाद अरशद को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

मृतक दिल्ली में रहकर सैलून का कार्य करते थे और परिवार के लिए सहारा थे।

# विवेक टैलेंट हंट का रिजल्ट घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा 14 दिसम्बर, 2025 को आयोजित यूथ टैलेंट हंट परीक्षा में जनपद के अधिकतर विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में इस वर्ष बारहवीं कक्षा में शामिल होने वाले 10180 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की गई।

प्रथम पुरस्कार (एक लाख रुपए) जिसमें पांच विद्यार्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में अनुज पुत्र मनोज कुमार सैंट मैरिज स्कूल बिजनौर, एकलव्य निर्वाल पुत्र संदीप निर्वाल एएन इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर, पूर्वांश श्रेवाल पुत्र संजय कुमार एएन इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर, यश कुमार पुत्र तेजपाल सिंह सरस्वती शिशु मंदिर चांदपुर, माही पुत्री ब्रजवीर सिंह वैदिक कन्या इंटर कॉलेज चांदपुर शामिल रहे। द्वितीय पुरस्कार (51 हजार रुपए) का था और इस श्रेणी में भी चार विद्यार्थियों ने समान अंक प्राप्त किए है। जिनमें नंदनी पुत्री मनोज कुमार आचार्य आरएन केला स्कूल बिजनौर, राजन राणावत पुत्र राहुल राणा सरस्वती विद्या मंदिर नूरपुर, जीवंत सिसोदिया पुत्र अवनीश कुमार राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर, कनिष्क राजपूत पुत्र संजय राजपूत सैंट मैरिज स्कूल बिजनौर शामिल रहे। तृतीय पुरस्कार (21 हजार रुपए) का था। इस श्रेणी में छह परीक्षार्थियों के समान अंक आए। जिनमें दक्ष जोशी पुत्र अदलेश जोशी आरआर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, प्रिंस राजपूत पुत्र श्रवण कुमार आरआर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, जैनक अब्दीन पुत्र मौहम्मद जफर आरआर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, मनु कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह आरआर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, कुलवीर पाल पुत्र गौतम कुमार आर आर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर, अक्षित चौहान पुत्र ओम कुमार आरआर सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर शामिल हैं। इसके अलावा 21 विद्यार्थियों को विशेष सांत्वना तथा 1074 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार की राशि समान अंक पाने वालो में बराबर-बराबर बाटी जाएगी। टैलेंट हंट परीक्षा का रिजल्ट कॉलेज की वेबसाईट अथवा विश्वविद्यालय

# रोटरी क्लब के नि:शुल्क हृदय जांच शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

## 100 से अधिक लोगों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** स्थानीय डा. पुरुषोत्तम क्लीनिक पर रोटरी क्लब द्वारा आयोजित नि:शुल्क हृदय जांच शिविर में 100 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों व जीवनशैली संबंधी सुझाव दिए।

मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. आर्या ने अपनी टीम के सदस्यों त्रिलोक कुमार शर्मा, कुंदन कुमार राय, रवि कुमार, अजीत कुमार तथा अवशेष कुमार के साथ मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर तथा हृदय संबंधी विभिन्न आवश्यक परीक्षण किए गए।



चिकित्सकों ने बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना, संतुलित आहार लेना, नियमित व्यायाम करना और तनाव से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों को तैलीय भोजन से परहेज करने और सुबह की सैर को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी।

शिविर अध्यक्ष अभिषेक चौहान ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि जरुरतमंद लोगों को समय रहते उपचार और सही परामर्श मिल सके।

शिविर को सफल बनाने में रोटरी क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार, जितेंद्र कुमार मारवाड़ी, अनुज मारवाड़ी, अशोक कुमार, अनिल सिंह, डा. राजीव शरण शर्मा, डा. हेमचंद राणा, प्रवीण रस्तोगी, संजय रस्तोगी, देवेंद्र रस्तोगी, अरुण शर्मा, सुरेंद्र पाल सिंह, प्रदीप सिंह, अमित सिंह एवं भवानी प्रसाद मारवाड़ी आदि मौजूद रहे।

# महावीर जयंती पर प्रभातफेरी निकाली



**धामपुर।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन समाज द्वारा श्री शांतिनाथ जिनालय मौहल्ला गुजरातियान से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें महावीर भगवान के संदेशों और भजनों को जैन समाज के लोग गाते हुए चल रहे थे। भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। प्रभात फेरी पहाड़ी दरवाजा, खारी कुआं, मौहल्ला साहूवपन मौहल्ला दर्जियान, बड़ी मंडी, फल चौक, नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रभात फेरी श्री शांतिनाथ जिनालय मौहल्ला गुजरा. तियान में आकर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में जैन समाज के अभिषेक जैन, शुभम जैन संयम जैन अनुज जैन, सार्थक जैन, सुधाकर जैन, नमन जैन, अमन जैन, अनिल जैन, अरुण जैन, निखिल जैन, आयुष जैन, संयम जैन, मर्दाव जैन, परवीन जैन, अजय जैन, पंकज जैन, मनोज जैन, प्रशांत जैन, दिनेश जैन, वंदित जैन, हर्षित जैन, ऋषभ जैन, गर्वित जैन, पंकज जैन, अनंत जैन, हर्ष जैन, दीपक जैन, पारुल जैन, शिल्पी जैन, मोनिका जैन आदि जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# बारूद का गोला फटने से बालक गंभीर

## जंगली जानवर का शिकार करने के लिए खेत की बाड़ के पास दबा रखी थी बारूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** जंगली जानवर का शिकार करने के लिए खेत की बाड़ के पास जमीन में दबाए गए बारूद के गोले के फटने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के सम्बंध में तीन लोगों को आरोपित करते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है जबकि घायल बालक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बहेड़ी में जंगल के समीप डेरा डाल कर रह रहे वन गुर्जर कासिम का 11 वर्षीय पुत्र आकिब बीती शाम करीब साढ़े छह बजे खेत की बाड़ के पास जमीन में दबाए गए बारूद के गोले की चपेट में आ गया। गोला फटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



विस्फोट होने की घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। कासिम आनन-फानन में अपने घायल बेटे को लेकर रात में ही थाने पहुंचा और घटना की तहरीर । पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल नगीना भिजवाया जहां से उसे बिजनौर के रैफर किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित के पिता कासिम ने बढ़ापुर थाना क्षेत्र के सिख बाहुल्य खादर के दो व्यक्तियों व ग्राम छायली के एक व्यक्ति को नामजद करते हुए आरोप लगाया कि जंगली जानवरों का शिक. ार करने के लिए खादर के दोनों व्यक्ति ग्राम छायली के व्यक्ति के बुलाने पर यहां आकर जंगल व खेतों की सीमा पर विस्फोटक दबाते है और इन लोगों के द्वारा दबाए गए विस्फोटक से छह माह पूर्व भी कासिम की भैस मर गई थी। उस समय इन लोगों ने आइंदा ऐसी हरकत ना करने का यकीन दिलाया था, लेकिन ये लोग शिकार करने के लिए अभी भी जमीन में विस्फोटक दबाते हैं। इसी की चपेट में आकार उसका पुत्र घायल हुआ है।

पुलिस ने घटना के सम्बंध में तहरीर दिए जाने की पुष्टि करते हुए अवश्यक कानूनी कार्यवाही की बात कही है।

# बिजनौर में श्री बालाजी जन्मोत्सव

## एक से तीन अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी मंदिर, साहित्य विहार में श्री बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एक अप्रैल से तीन अप्रैल तक चलेगा।

इस कार्यक्रम की जानकारी मंदिर परिसर में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में दी गई। प्रॉजल शर्मा और उज्जवल शर्मा ने बताया कि पूज्य गुरु श्रीश्री 108 अजय दास जी महाराज की प्रेरणा से यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत एक अप्रैल को प्रात: 7:00 बजे श्री रामचरितमानस अखंड पाठ से होगी। इसके बाद दो अप्रैल को दोपहर एक बजे एक विशाल बालाजी रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा श्री बालाजी मंदिर से शुरू होकर शहर के सभी मुख्य मार्गों से गुजरेगी और मंदिर प्रांगण में ही समाप्त होगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

दो अप्रैल की शाम 7:30 बजे श्री बालाजी की महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद 151 किलो लड्डू का भोग लगाकर वितरण किया जाएगा। तीन अप्रैल को प्रात: 11:30 बजे विशाल भंडारा होगा। इसी दिन शाम 7:30 बजे महाआरती के बाद 56 भोग का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

# असद अकील का बढ़ापुर में जोरदार स्वागत

## यूपीएससी में 321वीं रैंक हासिल की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** यूपीएससी 2025 की परीक्षा में 321वीं रैंक हासिल कर नगीना सहित जनपद का नाम रोशन करने वाले असद अकील का बढ़ापुर में वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी मौहम्मद आरिफ खान के आवास पर स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के छिप्पीपाड़ा निवासी अकील अहमद के पुत्र असद अकील ने प्रारंभिक शिक्षा सेंटमेरी स्कूल नगीना से प्राप्त की और स्नातक की शिक्षा दिल्ली में हासिल करते हुए सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी शुरू की और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत व प्रयास जारी रखा



और यूपीएससी 2025 की परीक्षा पास करके नगीना व जनपद का नाम रोशन किया। बीती देर शाम असद अकील अपने पिता अकील अहमद व भाई साहिल अकील व परिवार के अन्य लोगों के साथ यहां मौहल्ला पठानान में वरिष्ठ अधिवक्ता व समा. जसेवी मौहम्मद आरिफ खान के आवास पर पहुंचे। जहां पर मौहम्मद आरिफ खान एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डा. दिलशाद, प्रेस क्लब की ओर से फरीद अहमद खान एड., किसान नेता मौहम्मद आसिफ खान, सभासद अकील अहमद, पूर्व सभासद नगमा आरिफ, डा. इंतखाब अंसारी, शिक्षक शहजाद खान, मुनीर खान, शुजात खान आदि ने असद अकील का स्वागत किया।

# छजुपुरा सादात में सालाना मजलिसों का समापन

## अलविदाई मजलिस के बाद मातमी जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** एलिया एजुकेशनल चैरिटेबिल वैलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सालाना मजालिस के आखिरी दिन की मजलिसों में खुर्शीद जमानी मेमन, गुलाम मैहदी कैथोड़ा, मौहम्मद रजा, नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, आलम जैदी, सालिम जैदी, रौशन अब्बास ने मरसिया खानी की तथा मौलाना मैहदी अब्बास जैदी, मौलाना मैहताब हैदर जैदी, रईस जैदी, शमीम जैदी, यजदान जैदी, अजमी जैदी आदि ने पेशखानी की।

ग्राम छजुपुरा सादात स्थित दरगाहे आलिया फातेमा जैहरा पर मजलिसों को क्रमश: मौलाना इशरत हुसैन जैदी दिल्ली, मौलाना अशरफ अली गरवी लखनऊ, मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास लखनऊ तथा अलविदाई मजलिस को मौलाना अजादार हुसैन जैदी दिल्ली ने खिताब किया। अलविदाई मजलिस के बाद अंजुमन इरफाने अजा के द्वारा मातमी जुलूस निकाला गया। जिसमे अलम, जुल्जनाह ताबूत आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना अहमद रजा, मौलाना मैहदी अब्बास, मौलाना रौशन अब्बास व मिडिया प्रभारी शाही वास्ती ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में मौलाना अहमद रजा, कोऑर्डिनेटर शादाब जैदी, शमशाद हुसैन गुलाम पंजेतन, कलबे हैदर, कौसर अब्बास, अली हैदर, निहाल जैदी, राहिब जैदी, कमाल जैदी, जाफर जैदी, आशु जैदी, कुमैल जैदी आदिल जैदी सहित समस्त युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# धौकलपुर में खाप चौधरियों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** गठवाला खाप के सोहजनी चौधरी रविंदर सिंह मलिक एवं चौधरी सवित मलिक के ग्राम धौकलपुर के पंचायत घर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने दोनों खाप चौधरियों का स्वागत किया।

मलिक गोत्र के खाप चौधरी बाबा रविंद्र मलिक एवं चौधरी सवित मलिक ने ग्रामीणों को मलिक गोत्र के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में मलिक गोत्र के लोग बसे हुए हैं। सभी को एकत्रित करने का कार्य गठवाला खाप के चौधरी कर रहे हैं। इसी क्रम में गठवाला खाप के बाबा चौधरी रविंद्र सिंह मलिक एवं चौधरी सवित



मलिक बिजनौर के मलिक गोत्र के लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही देश के हर क्षेत्र में खाप चौधरीयों के सम्मेलन कराए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम धौकलपुर के प्रधान सचिन मलिक, जिला पंचायत सदस्य संजीव मलिक, गजेंद्र सिंह मलिक, डॉ. विकुल मलिक, डॉ. पुखराज सिंह मलिक, चौधरी करण सिंह मलिक, चौधरी रोहताश सिंह मलिक, विरेंद्र सिंह मलिक, विकास मलिक, अनुज मलिक, अंकुर मलिक, बेगराज सिंह मलिक, तेजपाल सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।

# दो अप्रैल को मिल का पेराई सत्र समाप्त होने की संभावना

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर वर्तमान पेराई सत्र आने वाली दो अप्रैल को समाप्त होने की प्रबल संभावना है। उत्तम शुगर मिल बरकतपुर प्रशासन ने नोटिस जारी करके बताया कि बीते कुछ दिनों से मिल पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पाया रहा है। जिस कारण मिल आए दिन नो केन हो रही है। पर्याप्त गन्ना नहीं मिलने के कारण आने वाली दो अप्रैल को वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 समाप्त कर दिया जाएगा। इसलिए सभी किसान अपने खेतों में खड़े गन्ने को शीघ्र ही मिल में तौल के लिए भेज दे।

# प्रदेश के कई जनपदों में अंबेडकर जयंती मनाने की अनुमति नहीं

## सांसद चंद्रशेखर ने सीएम को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद एड. ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि प्रदेश के कई जनपदों में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल अंबेडकर अनुयायियों का ही नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान है।

सांसद ने अपने पत्र में लिखा है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के प्रतीक और वंचित वर्गों के अधिकारों के संरक्षक रहे हैं। ऐसे में उनकी जयंती के आयोजन पर रोक या अनुमति न देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से आयोजनों की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

पत्र में सांसद ने कहा कि यह घटनाएं प्रशासन की मनमानी को दर्शाती हैं और इससे यह भी प्रतीत होता है कि कुछ अधिकारी संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण अवसर को



रोकने का प्रयास सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सीएम योगी से मांग की है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में अंबेडकर जयंती मनाने की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए। जिन जिलों में अनुमति नहीं दी जा रही है, वहां संबंधित अधिकारियों से सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण लिया जाए। साथ ही भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सभी प्रशासनिक इकाइयों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि किसी भी आयोजन में बाधा न डाली जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस विषय पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो इसे सामाजिक न्याय के खिलाफ साजिश माना जाएगा और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा। सांसद ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपने महापुरुषों के विचारों का प्रचार- प्रसार करने का अधिकार है और संविधान निर्माता का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पान मसाला उद्योग से तीन गुना अधिक स्क्रैप में की गई टैक्स चोरी

**लखनऊ, वार्ता**

स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी का दायरा पान मसाला उद्योग की तुलना में तीन गुना से भी अधिक सामने आया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार, लोहा, तांबा और स्क्रैप से जुड़े मामलों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। जबकि, पान मसाला और तंबाकू सेक्टर में यह आंकड़ा लगभग 6000 करोड़ रुपये है।

उत्तर प्रदेश में भी स्थिति कुछ इसी तरह की है। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या पान मसाला उद्योग में टैक्स चोरी का भय दिखाकर जांच टीमों का फोकस वहां केंद्रित किया गया। जबकि, दूसरी ओर स्क्रैप से भरे ट्रक हाईवे पर बिना रोक-टोक गुजरते रहे। इस दौरान संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को अंजाम दिया गया। डायरेक्टोरेट जनरल आफ जीएसटी इंटेलिजेंस द्धडीजीजीआईऋ के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सेक्टर से जुड़े 1976 मामलों में 16,806 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। वहीं, पान मसाला और तंबाकू से जुड़े 212 मामलों में 5,794 करोड़ रुपये की चोरी सामने आई। वर्ष 2025-26 में इन मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि स्क्रैप नेटवर्क में प्रदेश की कुछ बड़ी इस्पात कंपनियों की संलिप्तता हो सकती है। प्रदेश में जीएसटी चोरी के खिलाफ जारी कार्रवाई में स्क्रैप माफिया के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। हाल ही में यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद में 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। नोएडा पुलिस ने भी फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में करीब 2,600 फर्जी फर्मों के शामिल होने की बात सामने आई है। मेरठ और गाजियाबाद को केंद्र बनाकर चल रहे 500 करोड़ रुपये के फर्जी इनवाइस रैकेट का भी भंडाफोड़ किया गया है। स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी मुख्यत: फर्जी इनवाइसिंग और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए की जाती है। इसके लिए प्रवासी मजदूरों या आम लोगों के आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर कागजी कंपनियां बनाई जाती हैं। ये फर्में आपस में केवल कागजों पर लेनदेन दिखाती हैं, जबकि वास्तविक रूप से कोई माल सप्लाई नहीं होता। छोटे कबाड़ियों से नकद में स्क्रैप खरीदकर व्यापारी उस पर मिलने वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट द्धआईटीसीऋ की कमी को फर्जी बिलों के जरिए पूरा करते हैं। एक ही स्क्रैप के बिलों को कई कंपनियों के बीच बार-बार घुमाया जाता है, जिससे नकली टर्नओवर बढ़ाया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए बिना वास्तविक व्यापार के करोड़ों रुपये का टैक्स क्रेडिट या रिफंड हासिल कर लिया जाता है।

# अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम

**लखनऊ।** मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है, जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा। मौसम विभाग के अनुसार 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

# दर्दनाक हादसे- दो मां और दो बच्चों की मौत, चारों को ट्रकों ने कुचला

**लखीमपुर खीरी, वार्ता**

यूपी के लखीमपुर खीरी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पहले हादसे में लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर बाइक और डीसीएम में टक्कर हो गई। जिसमें छह माह की बच्ची और 28 वर्षीय मां शाहमीन की दर्दनाक मौत हो गई।

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को सीएचसी से

## इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल

जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया है। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे। उसी समय सामने से डीसीएम आ गई। बाइक चालक ने बताया डीसीएम चालक ने बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी शाहमीन और रशीदा बाइक से उछलकर डीसीएम के नीचे आ गई। पहिए के नीचे आए से छह माह की बच्ची रशीदा के दो टुकड़े हो गए और 28 वर्षीय शाहमीन के सीने के ऊपर हिस्सा कुचलकर अलग हो गया। जबकि बाइक चला रहे इसराइल द्ध29ऋ आफरीन छह वर्ष और पलक तीन वर्ष उछलकर दूसरी तरफ गिरने से बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से भागने के प्रयास में आगे जा रहे रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान लाया गया। जहां से ई रिक्शा चालक राजकुमार को छोड़कर चार लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने आकर डीसीएम मौके पर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया।

# पूर्व जज मनोज कुमार ने एलपीजी की कालाबाजारी को लेकर लिखा पत्र



## जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व अपर जिला जज एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार ने विवाह एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान एलपीजी गैस व आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं कालाबाजारी को रोकने के लिए विशेष निगरानी के वास्ते जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी को लिखे गए पत्र में पूर्व अपर जिला जज व सपा के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार ने कहा है कि वर्तमान समय में विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों का विशेष महत्व है। इसमें बड़ी संख्या में आम जनता की भागीदारी रहती है। ऐसे अवसरों पर आवश्यक वस्तुओं की मांग अचानक बढ़ जाती है। जिसमें एलपीजी गैस सिलेंडर व खाद्यय सामग्री भी शामिल है। वर्तमान में महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को गैस सिलेंडर पाने के लिए लम्बी-लम्बी लाइनों में खड़ा देखा जा रहा है। दुर्भाग्यवश इस दौरान कई स्थानों पर कालाबाजारी, कृत्रिम कमी तथा अव्यवस्था जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। जिसकी वजह से आम जनता को भारी असुविधा एवं आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कालाबाजारी एवं जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है। साथ ही कहा है कि संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाए। आम जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी कर त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली शुरू की जाए।

# धामपुर में दर्दनाक सड़क हादसा

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम हर्रा के पास आज हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे के बाद जहां परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम ढक्का कर्मचंद निवासी विजयपाल सिंह के पुत्र आर्यन (25 वर्ष) व आकाश (21 वर्ष) अपने रिश्तेदार पुनीत (19 वर्ष) पुत्र कल्लू सिंह के साथ बाइक से धामपुर से अपने ग्राम ढक्का कर्मचंद लौट रहे थे। तीनों युवक किसी निजी कार्य से धामपुर आए थे और वापस घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम हर्रा के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत सीएचसी धामपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद आर्यन को मृत घोषित कर दिया। वहीं आकाश और पुनीत की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रैफर कर दिया गया।

सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है तथा पंचायतनामा भरकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि आर्यन परिवार का जिम्मेदार सदस्य था और उसकी असमय मौत से पूरे गांव में गहरा दुख व्याप्त है।

# धामपुर से अमित चौहान के नेतृत्व में सपाईयों का जत्था दादरी रवाना



## प्रदेश में बनेगी फिर सपा की सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दादरी में आयोजित सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की रैली में शामिल होने के लिए धामपुर से जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में सपाईयों का जत्था रवाना हुआ। सपाईयों में जोश देखने लायक था।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धामपुर में पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के आवास पर एकत्र हुए। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में वह दादरी के लिए रवाना हुए। इसके अलावा कई अन्य स्थानों से भी सपा कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में दादरी के लिए रवाना हुए। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं में काफी जोश था। उनका कहना था कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अमित चौहान ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रदेश की जनता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सरकार बनाने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में प्रदेश में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए थे। विभिन्न सड़कें, पुल, स्कूल, कॉलेज व अस्पताल सहित फैक्ट्रियां इस बात का सबूत है। जनता आज भी सपा सरकार के कार्यकाल को याद करती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने एक-एक वोट का महत्व समझना है और भाजपा व पर्दे के पीछे से उसका सहयोग करने वाली अन्य पार्टियों से सावधान रहते हुए प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है।

# राजारामपुर में पशुशाला में आग



## एक गाय की मौत, दूसरी बुरी तरह झुलसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर में दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से एक घर के बाहर बनी पशुशाला में आग लग गई। इस हादसे में एक गाय की मौत हो गई। जबकि दूसरी गाय गंभीर रूप से झुलस गई। आग की लपटों से पशुशाला में रखा अन्य सामान भी जल कर राख हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ओम प्रकाश पुत्र खचेडू निवासी ग्राम राजारामपुर के घर के बाहर बनी पशुशाला में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामवासियों ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। जिससे ग्रामीणों को ही आग पर काबू पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद ग्रामवासियों ने आग पर काबू पा लिया। आग में पशुशाला का काफी नुकसान हुआ है। अनुमान के अनुसार नुकसान लगभग 50,000 रुपए बताया जा रहा है। जिसमें गाय की मौत, झुलसी हुई गाय का इलाज और जलकर राख हुए अन्य सामान शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# मध्य पूर्व के तनाव ने नगीना की 'काष्ठ कला' पर लगाया ग्रहण

## निर्यात ठप होने से हजारों कारीगरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ईरान-इजरायल और लाल सागर में बढ़ते तनाव ने विश्व बाजार को तो हिलाया ही है, लेकिन इसका सबसे बुरा असर उत्तर प्रदेश के नगीना के ऐतिहासिक काष्ठ कला उद्योग पर पड़ा है। कच्चे माल की आसमान छूती कीमतों और निर्यात में आ रही भारी बाधाओं के कारण यह उद्योग अब अपनी सबसे कठिन चुनौतियों का सामना कर रहा है।

नगीना के निर्यातकों का कहना है कि युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग बाधित होने से यूरोपीय और मध्य पूर्वी देशों के लिए माल भेजना जोखिम भरा हो गया है। शिपिंग कंपनियों ने बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई (Freight) दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी कर दी है। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, कंटेनर के दामों में हुई बेतहाशा वृद्धि ने नगीना की लकड़ी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में महंगा कर दिया है, जिससे विदेशी खरीदारों ने या तो अपने ऑर्डर श्होल्डश कर दिए हैं या उन्हें रद्द कर दिया है। वैश्विक तनाव का असर केवल निर्यात पर ही नहीं, बल्कि कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ा है। काष्ठ कला के लिए जरूरी सामग्री की कमी हो गई है और कीमतें पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गई हैं। लागत बढ़ने और ऑर्डर मिलने में देरी के चलते नगीना के कई छोटे-बड़े कारखाने बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। इस उद्योग पर निर्भर सैकड़ों कुशल कारीगरों और मजदूरों की आजीविका पर अब सीधा संकट छा गया है। काम न होने के कारण कारीगरों के सामने परिवार का पेट पालने की समस्या पैदा हो गई है। दिल्ली में होने वाली बड़ी प्रदर्शनियों से जो उम्मीदें थीं, वे भी अब अनिश्चितता के काले बादलों के नीचे दबी हुई नजर आ रही हैं। व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि इस कठिन दौर में उन्हें वित्तीय राहत दी जाए। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो नगीना की विश्व प्रसिद्ध काष्ठ कला को पुनर्जीवित करना एक बड़ी चुनौती होगी।

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक



**बिजनौर।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्व. शिवराम शर्मा के निवास पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता व लेखा सिंह सेवानिवृत्त जिला जज के संरक्षण और कौशल कुमार वर्मा के संचालन में हुई। अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में सदस्यों ने विचार रखें। गजरौला शिव निवासी जगन्नाथ सिंह ने जैविक खेती और उससे तैयार सामान के संबंध में जानकारी दी। परिषद की ओर से परिषद के वरिष्ठतम सदस्य सोम प्रकाश शर्मा और बीआर मेहरा को तिलक लगा कर सम्मानित किया गया। बैठक में राजीव कुमार शर्मा प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, संजीव कुमार शर्मा, धर्मवीर शर्मा, श्रीमती हीरा देवी, श्रीमती सुशीला देवी, श्रीमती आदेश कुमारी शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, कौशल कुमार वर्मा, श्रीमती सुषमा शर्मा, दिनेश चन्द्र शर्मा, रमेश चंद्र राजपूत, संजीव नंदा, जगन्नाथ सिंह आदि ने भाग लिया।

### बसपा सरकार बनाने का संकल्प



**बिजनौर।** बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डीपी सिंह ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के वरिष्ठ नेता हरदयाल सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीपी सिंह एवं अरुण कुमार उर्फ रॉनी ने शिरकत की। बैठक के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा वीपी सिंह और अरुण कुमार उर्फ रॉनी को मंडल कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंडल कोऑर्डिनेटर वीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी सर्व समाज को जोड़ने का कार्य करेगी और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेगी, ताकि वर्ष 2027 में बसपा की सरकार बन सके। मंडल कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार उर्फ रॉनी ने कहा कि बसपा सर्व समाज की पार्टी है। जिसने हमेशा सभी वर्गों को सम्मान दिया है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक का संचालन संजीव सैनी ने किया। इस मौके पर अखिलेश हितैषी, कविराज सिंह, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, अकील अंसारी, सद्दाम, नरेश कुमार, चेतराम सिंह, अमर सिंह, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र सिंह, लखवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# दुनिया के साथ दीन की तालीम जरूरी

## मदरसा इस्लामिया में इस्लामिक प्रोग्राम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** कारी अब्दुल रहमान ने कहा कि दुनिया के साथ दीन की तालीम भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छा इंसान व बेहतरीन मुसलमान बनाने के लिए मां-बाप को पूरी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मदरसा इस्लामिया अरबिया फातिमा उल जहारा लिलबानत में छात्राओं का इस्लामिक प्रोग्राम आयोजित किया गया। प्रोग्राम की निजामत हाफिज मौहम्मद अनस ने की। सदारत फातिमा हुसैन ने की। प्रोग्राम को खिताब फरमाते हुए कारी अब्दुल रहमान ने अपने प्रभावशाली बयान में तालीम और हिफ्ज ए कुरआन की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि दुनियावी तालिम के साथ दीनी तालीम हासिल करना बहुत जरूरी है, इसलिए अपने बच्चियों को कुरान पाक की तालिम दिलाकर एक अच्छी आलिमा बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छा इंसान व बेहतरीन मुसलमान बनाने की जिम्मेदारी मां-बाप की होती है। उन्होंने कहा कि मां को अपना किरदार बुलंद रखना चाहिए। बेटियां भी मां के नक्शेकदम पर चलती है। साथ ही बाप को भी खुद को अच्छा मुसलमान व शानदार इंसान साबित करना चाहिए। ताकि उनकी नस्ल में खराबी न आए।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में मां-बाप की जिम्मेदारियां काफी ज्यादा बढ़ गई है। अपने बच्चों को बुराईयों से बचाने के लिए हर वक्त खबरदार रहना चाहिए।

इस मौके पर बताया गया कि मदरसे में आलिमा के साथ उर्दू व इंग्लिश की भी तालीम दी जा रही है। मदरसे में छात्राओं को अच्छी पोजीशन लाने पर सम्मानित किया गया।

खुशनुमा परवीन, लुबना, फातिमा, शाबा इरशाद आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रोग्राम के बाद कारी अब्दुल रहमान ने मुल्क की सलामती भाईचारे के लिए दुआएं कराई।

## एक नजर

### पीएम के मन की बात सुनी



**नूरपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शक्ति केंद्र रविदास नगर के बूथ संख्या 258 पर ब्लाक परिसर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुईयार, सुधीर चौहान, प्रदीप कुमार राणा, प्रेमपाल रवि, प्रमोहन चौहान, जीतू भुईयार, सतीश कुमार, राहुल यादव, सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, विनोद वाल्मीकि, बिजेंद्र सिंह, नीतू चौहान, मुकेश भुईयार, गुरनाम सिंह, डीसीएफ चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, शक्तिकेंद्र संयोजक हितेंद्र सिंह, अशोक राजपूत, शीला राणा, जुगनु चौधरी, ईशमपाल सिंह, जागेश शर्मा, अनिकेत घाघट, विनित भुईयार, सरोता सिसौदिया आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंडावली में भोलू गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मंडावली में 28 मार्च को वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम काशीरामपुर निवासी भोलू पुत्र कर्मवीर ने जान से मारने की नीयत से उसके पति के ऊपर लोहे की रॉड से हमला बोला था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 109 (1), 115 (2) एवं तीन (2)(वीए), 3 (1) (द), 3 (1)(ध) एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अभियुक्त भोलू को गिरफ्तार कर उससे पंखें की लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है।

### बीआईसी के सामने हादसे

**बिजनौर।** विदुर कुटी रोड पर बिजनौर इंटर कॉलेज के सामने आए दिन हादसे हो रहे है। ज्यादातर हादसे वाहनों की तेज रफ्तार की वजह से हो रहे है। यहां पर कोई स्पीडब्रेकर भी नहीं है। जबकि यहां पर स्कूली बच्चों का आना-जाना लगा रहता है और प्रतियोगी परिक्षाओं का केन्द्र भी बिजनौर इंटर कॉलेज को बनाया जाता है। यहां पर कई होटल भी है। समाजसेवी व सनराइज ट्राफी हाउस के संचालक महताबउद्दीन ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में यहां पर स्पीडब्रेकर बनवाने की मांग की है। ताकि हादसों को टाला जा सके।

### पप्पू साथियों सहित दादरी रवाना



**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी की दादरी में हुई समाजवादी समानता भाईचारा रैली में शामिल होने के लिए प्रवक्ता अखलाक पप्पू के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्त्ता रवाना हुए। इससे पूर्व उन्होंने सपा के पक्ष में नारेबाजी की। प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने बताया कि यह 2027 के चुनाव की पहली शंखनाद रैली है। उन्होंने कहा कि पश्चिम में 100 विधानसभा सीटों में से 90 सपा जीतेगी। रैली में शामिल होने वालों में पूर्व प्रवक्ता अहमद खिजर, शहजाद आलम अंसारी, जाकिर चौधरी, संजय पाल, मयूर सिंह यादव, मौहम्मद दानिश, विनय कुमार, वसीम अहमद आदि शामिल थे।

# नहटौर में भाजपा सरकार में विकास जीरो

## जर्जर बाईपास का निर्माण न कराए जाने की सजा भुगत रहे वाहन चालक व स्थानीय नागरिक





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर क्षेत्र की जनता को भाजपा सरकार में जिस तरह से विकास कार्यों की उम्मीद थी, वह नहीं हो पाए है। क्षेत्र की जनता पूर्व मंत्री व क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर मूलचंद चौहान के कार्यकाल को याद करते हुए कहती है कि धामपुर व नूरपुर मार्ग को मिलाने वाले बाईपास मार्ग का निर्माण उनके कार्यकाल में कराया गया था और इसके बाद आज तक इस मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए फिर से निर्माण नहीं कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर में गांगन नदी के समीप धामपुर मार्ग से नूरपुर मार्ग को जोड़ने के लिए एक बाईपास का निर्माण कराया गया था। पूर्व में इस बाईपास पर आबादी भी नहीं थी। बाद में इस मार्ग पर कांशीराम कॉलोनी का निर्माण कराया गया और इसके अलावा काफी बड़ी बस्ती यहां पर बन गई है। सबसे अहम बात यह है कि नहटौर नगर में आएदिन जुलूस व शोभायात्राएं निकलती रहती हैं। पूर्व में यह जुलूस व शोभायात्राएं काफी छोटी होती थी। लेकिन भाजपा सरकार में इनकी लम्बाई व संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। यह जुलूस व शोभायात्राएं मुख्य मार्ग से ही निकलती है। नहटौर पुलिस हल्दौर चौराहे पर बैरियर लगा देती है। साथ ही बाईपास के समीप मुस्लिम कॉलेज के सामने भी बैरियर लगा दिया जाता है। पुलिस के द्वारा नहटौर नगर के मुख्य मार्गो को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाता है। लेकिन इसकी सजा वाहन में सवार हजारों नागरिकों व ट्रक चालकों को भुगतनी पड़ती है। जर्जर बाईपास काफी सकरा है और इस पर अतिक्रमण भी है। जब वाहन यहां से गुजारे जाते है, तो काफी लम्बा जाम लग जाता है। घंटों जाम में वाहन फंसे रहते है। मुख्य मार्ग बंद कर पुलिस समझती है कि उनका फर्ज पूरा हो गया है। बाईपास मार्ग पर जाम खुलवाने के लिए पुलिस मौजूद नहीं रहती है। जब वरिष्ठ अधिकारियों को कॉल की जाती है, तब जाकर एक-दो पुलिसकर्मी यहां पर आते है और जाम खुलवाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जाम बामुश्किल खुल पाता है। क्योंकि एक साथ दो वाहनों के निकलने की जगह इस बाईपास पर नहीं है। यह बाईपास कही पर काफी चौड़ा है और कहीं पर काफी सकरा है। जिसकी वजह से वाहन आमने-सामने फंस जाते है। बाईपास की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि भारी वाहनों के चालकों को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग इतना लम्बा है कि इसके सही निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च होंगे। नगर पालिका के पास इतना बजट नहीं होता है कि वह इस बाईपास का निर्माण करा सके। यह काम विधायक निधि और सरकार के द्वारा दी जाने वाली स्पेशल ब्राण्ड से ही हो सकता है। मगर भाजपा सरकार का इतना लम्बा कार्यकाल हो जाने के बावजूद आज तक इस बाईपास का निर्माण नहीं कराया गया है। क्षेत्र की जनता तो परेशान है ही, साथ ही जाम में फंसने वाले वाहन चालक व सवारियां उससे ज्यादा परेशान रहती हैं। भीषण गर्मी में घंटों फंसे रहने की वजह से यात्रियों को काफी ज्यादा परेशानी होती है।

भाजपा सरकार में इस अव्यवस्था से सभी परेशान है। जनता का मानना है कि अगर प्रदेश में सपा की सरकार होती, तो अब तक इस बाईपास का निर्माण हो गया होता। क्षेत्र की जनता का मानना है कि यहां से पूर्व में विधायक रह चुके ठाकुर मूलचंद चौहान ने रिकार्ड विकास कार्य कराए थे। उनका पूरा कार्यकाल विकास कार्यों को ही समर्पित था। उनके विधायक न रहने के बाद से क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। साथ ही कोई अन्य जनप्रतिनिधि भी इस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी

ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# कक्षा पांच की मासूम छात्रा ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कक्षा पांच की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस हृदयविदारक घटना से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर नारायण उर्फ नंगला निवासी 11 वर्षीय किशोरी गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा थी। आज दोपहर वह घर में अकेली थी, तभी उसने अपने दुपट्टे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब परिजनों की नजर उस पर पड़ी, तो घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी के शव को फंदे से नीचे उतरवा कर कब्जे में लिया।

## गांव में पसरा मातम

इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। मासूम की मौत से हर कोई स्तब्ध है और यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर इतनी कम उम्र में उसने ऐसा खतरनाक कदम क्यों उठाया।

सीओ अभय पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

# वन विभाग से गुलदारों को पकड़ने की मांग

## भाकियू की बैठक में गुलदारों के हमले से मौत के बाद आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एक तरफ वैश्विक युद्ध जैसे हालातों से संभावित ईंधन संकट को लेकर क्षेत्र के किसानों में चिंता बनी हुई है। वहीं दूसरी तफ लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाल ही में गुलदार के हमले में महिला क्रांति देवी की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों बढ़ गए हैं। इन दोनों गंभीर मुद्दों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज ग्राम कासमपुर गढ़ी में भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिज़वान के कार्यालय पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में देश में उत्पन्न हो रहे हालात और उनके संभावित प्रभावों पर विचार किया गया। बैठक के दौरान अमेरिका-इज़राइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और संभावित युद्ध को लेकर ईंधन संकट की आशंका जताई गई। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिज़वान ने कहा कि यदि हालात बिगड़ते हैं, तो इसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा, क्योंकि डीजल- पेट्रोल के दाम बढ़ने से खेती की लागत में भारी वृद्धि होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और किसानों से आह्वान किया कि ऐसे समय में एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहें और संगठन को मजबूत करें।

बैठक में मौजूद किसानों ने भी देश के संकट में साथ देने का संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर कई किसानों ने भाकियू (तोमर) की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। इसी दौरान गुलदार के बढ़ते आतंक पर भी गहरी चिंता जताई गई। किसानों ने मांग की कि गुलदार के हमले में जान गंवाने वाली क्रांति देवी के परिजनों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरे लगाने और जल्द से जल्द गुलदारों को पकड़ कर ग्रामीणों को राहत दिलाने की मांग भी की गई। इस मौके पर शम्सू ठेकेदार, मौहम्मद अरशद, फरीद ठेकेदार, दानिश अहमद, शान मौहम्मद, प्रेमवीर, सोनू कुमार, भूरा, जोनी कुमार आदि उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर चोरी का आरोप



**अफजलगढ़।** मौहल्ला नेज़ा सराय निवासी शहनाज पत्नी दिलशाद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 24 मार्च रात करीब साढ़े नौ बजे मौहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी एक युवक उसके घर पर आया। उस समय वह अपने बच्चों सहित घर पर मौजूद नहीं थी। उसके पति घर पर अकेले नशे की हालत में थे। वह युवक भी नशे में था। युवक ने जबरन गेट खुलवाने का प्रयास किया। जिस पर पड़ौस में रहने वाले उसके देवर व देवरानी ने युवक को वहां से जाने के लिए कहा और वह अपने घर जाकर सो गए परंतु वह युवक रात करीब 12 बजे वहीं रहा। इसी दरम्यान युवक उसके पति से जबरन गेट खुलवा कर घर में घुसा और उसके सोने के जेवरात लगभग एक तोला से अधिक व दो मोबाइल एवं नगदी अलमारी का लॉकर तोड़कर ले गया। शहनाज ने बताया कि उस पर समझौता करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा बनाया जा रहा है। इस सम्बंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# बिजनौर में बाल संरक्षण को मिली नई पहचान

## रूबी गुप्ता के नेतृत्व में बदल रही बच्चों और महिलाओं की तकदीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में बाल संरक्षण सेवाओं को नई दिशा देने वाली बाल संरक्षण अधिकारी रूबी गुप्ता इन दिनों अपने उत्कृष्ट कार्यों के कारण चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। मूल रूप से गाजियाबाद की निवासी रूबी गुप्ता की पहली नियुक्ति वर्ष 2015 में हुई थी, जबकि वर्ष 2019 में बिजनौर आने के बाद उन्होंने अपने कार्यों से विभाग को नई ऊर्जा प्रदान की।

रूबी गुप्ता के नेतृत्व में बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ सख्त और प्रभावी अभियान चलाया गया। वर्ष 2026 में अब तक 5 बाल विवाह रुकवाए गए, जो एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

इसके साथ ही बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 500 बच्चों को मुक्त कराया गया। जिनमें लगभग 50 बच्चे झारखंड से और 450 बच्चे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शामिल हैं। मुक्त कराए गए बच्चों को केवल सुरक्षित स्थान ही नहीं दिया गया, बल्कि उन्हें नशे की लत से बाहर निकालने के लिए विशेष प्रयास भी किए गए।

उनकी शिक्षा, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन पर विशेष ध्यान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। विभाग द्वारा स्कूलों, गांवों और शहरों में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। 1098 हेल्पलाइन, बाल अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठनों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर हर मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। विभाग की सक्रियता और संवेदनशील कार्यशैली के कारण आमजन का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब समस्याओं के समाधान में तेजी और गंभीरता दोनों दिखाई दे रही हैं। रूबी गुप्ता के नेतृत्व में बिजनौर का बाल संरक्षण विभाग एक सकारात्मक बदलाव की मिसाल बनता जा रहा है।

यह कार्यशैली दर्शाती है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और मानवीय दृष्टिकोण साथ हों, तो समाज के कमजोर वर्गों को भी सम्मानजनक जीवन दिया जा सकता है।

### मानसिक रूप से असहाय महिलाओं के लिए चला संवेदनशील अभियान

**बिजनौर।** जनपद में बाल संरक्षण अधिकारी रूबी गुप्ता द्वारा मानसिक रूप से असहाय, बेसहारा और सड़कों पर भटक रही महिलाओं के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जैसे ही ऐसी महिलाओं की सूचना मिलती है, टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर उन्हें सुरक्षित संरक्षण में लेती है। इसके बाद उन्हें 'धाम' संस्था और अन्य सहयोगी संगठनों के माध्यम से आश्रय दिलाया जाता है। यहां उनके लिए रहने, खाने और इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है, जिससे वे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह पहल न केवल मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि समाज के उपेक्षित वर्ग को नई पहचान और सम्मान देने की दिशा में एक सराहनीय कदम भी है।

# नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन- 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी क्रप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सुबह स्टेबस ग्राउंड में शुभारंभ किया गया। अतिथि सचिन चौधरी डायरेक्टर चीनी मिल द्वारा फीता काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ समारोह में प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मयांशि, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया गया। जिसके पश्चात अंपायर फैसल अली व संतोष सिंह की निगरानी में प्रथम मैच बैंक विभाग की टीम और नगर पालिका की टीम के बीच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और 8 विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाए और जीत हासिल की। 139 रन बनाकर नगर पालिका टीम ऑल आउट हो गई। बैंक विभाग की टीम से मनीष द्वारा 47 बॉल पर 111 रन बनाए गए। और महेश द्वारा 18 बॉल में 57 रन बनाए गए और टीम को जीत दिलवाई। मनीष मैन ऑफ द मैच रहे। फाइटर ऑफ द मैच नगर पालिका टीम से रियासत (भोलू) रहे। उन्होंने 33 बॉल में 67 रन बनाएं और 3 विकेट लिए। दूसरा मैच अंपायर फैसल अली व विनीत कुमार विक्की की निगरानी में बार एसोसिएशन और विद्युत विभाग की टीम के बीच खेला गया। विद्युत विभाग की टीम ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। विद्युत विभाग की टीम ने 243 रन बनाएं। एक विकेट से बार एसोसिएशन की टीम ने मैच जीता। बार एसोसिएशन के हिमांशु ने 38 बॉल में 106 रन बनाएं। विद्युत विभाग के राहुल ने 20 बॉल में 63 रन बनाए। बार एसोसिएशन के हिमांशु मैन ऑफ द मैच रहे। टूर्नामेंट में मौहम्मद अहसान, सुखदेव सिंह व आलोक त्यागी आदि द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। इस अवसर पर सचिन चौधरी डायरेक्टर चीनी मिल, अनवार अंसारी, सुरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, कसिम एड., नाजिम, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, अयान सिद्दीकी, हिना अग्रवाल, विनीता आदि रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस चैनल पर चलाया जा रहा है।

# पत्रकार मनोज टंडन के नामित सभासद बनने पर पत्रकारों ने किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय पत्रकार संगठन ने पत्रकार साथी मनोज टंडन को शासन द्वारा नगर पालिका नगीना का नामित सभासद मनोनीत किए जाने पर उनका सम्मान किया गया।

प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक आज स्थानीय कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष डा. रतेंद्र बिश्नोई ने की। संचालन मनोज वाल्मीकि ने किया। इस दौरान बैठक का मुख्य आकर्षण संगठन के पत्रकार साथी मनोज टंडन का सम्मान समारोह रहा। हाल ही में शासन द्वारा मनोज टंडन को नगर पालिका नगीना का नामित सभासद मनोनीत किया गया है। इस उपलब्धि पर साथी पत्रकारों में काफी उत्साह दिखा। संगठन के उपस्थित सभी पत्रकारों ने मनोज टंडन को फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## उज्ज्वल भविष्य की कामना

सभी ने उनके इस नए कार्यकाल के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा संगठन की सदस्यता लेने वाले एक नए युवा पत्रकार रचित कुमार का भी फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

# वर्धमान में दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान कॉलेज में 'विकसित भारत 2047 उपलब्धियां, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

सर्वप्रथम विषय विशेषज्ञ प्रो. ललित तिवारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने बताया कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता पर ध्यान दिए बिना विकसित होने की बात करना बेमानी है। उन्होंने कहा कि हिमालय हिंदुस्तान का मुकुट है जो हमारे लिए सामाजिक, आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सभी पहलुओं पर महत्व रखता है, ऑनलाइन व्याख्यान में प्रो. मनसब आलम, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने 'विकसित भारत के सपने को साकार करने में तकनीकी नवाचार और महत्वपूर्ण अनुसंधान की भूमिका' विषय पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. परवेज आलम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ ने 'भावी कार्यबल के लिए कौशल, पुन: कौशल और मानव पूंजी विकास' विषय पर अपने संबोधन पर कहा कि हमारा भारत 2047 तक तभी विकसित बन सकता है, जब अपनी भावी पीढ़ी को किसी न किसी कौशल से जोड़ कर सशक्त करें। इसी के समानांतर तकनीकी सत्रों में लगभग 47 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। ऑनलाइन सत्र की अध्यक्षता डा. रामभरोसे और सह-अध्यक्षता प्रो. एसके जोशी ने की ऑफलाइन सत्र की अध्यक्षता डा. आरती उपाध्याय सह-अध्यक्षता प्रो. पूनम शर्मा ने की। राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न प्रदेशों से आए शोधार्थी एवं डेलिगेटस ने प्रतिभा किया। संगोष्ठी में लगभग 255 रजिस्ट्रेशन हुए।

संगोष्ठी के समापन प्रो.आनंद वर्धन शुक्ल पूर्व आईपीएस एवं कुलपति मेवाड़ विश्वविद्यालय, वर्धमान कालेज की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना, प्रो. विजय वर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो.रश्मि रावल प्राचार्या आरएसएम कॉलेज धामपुर, संगोष्ठी के कन्वीनर प्रो.जेके विश्वकर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रो.धर्मेंद्र कुमार, आयोजन सचिव डा. चारुदत आर्य व अन्य सभी ने मिलकर मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया। प्रो.धर्मेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। संगोष्ठी की कोर कमेटी ने सभी अतिथियों का बाल वृक्ष देकर स्वागत किया। प्रो. जेके विश्वकर्मा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की आख्या प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रो. विजय वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकसित करने से आसय मजबूती से है और ये मजबूती सामाजिक, आर्थिक और राजनीति रुप से विकसित होना है। उन्होंने बताया परिवार या देश सिर्फ कानून से नहीं चलता उसके लिए त्याग करना पड़ता है। विशिष्ट अतिथि रश्मि रावल ने बताया कि विकसित देश का सपना सिर्फ आर्थिक नहीं होना चाहिए। हमें मानवता और नैतिक रुप से विकसित होना चाहिए अन्यथा हम सब रोबोट हो जाएंगे।

प्रो. आनंदवर्धन शुक्ला ने कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अति आवश्क है और हमें अपना दिल बड़ा करना होगा। दुनियां हमारे कदमों में होगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसंरचना, इंडस्ट्री के माध्यम से विकसित भारत का सपना पूरा कर सकते है।

प्रो.प्रीति खन्ना ने दो दिवसीय सेमिनार के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षण व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शुभकामनाए दी। उन्होंने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. रेशु शर्मा ने किया।

## एक नजर

### सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी



**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग स्थित धोबी घाट के निकट आज देर शाम एक व्यक्ति का शव सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ई-रिक्शा चालक मौहम्मद शाहिद निवासी डूडा कॉलोनी, जब कालागढ़ मार्ग धोबी घाट से गुजर रहे थे, तो उनकी नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और शव की पहचान मौहम्मद शादाब पुत्र मौहम्मद इकबाल, हाल निवासी डूडा कॉलोनी के रूप में हुई। मौहल्ले के लोगों के अनुसार मृतक मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला था और पिछले करीब 10-11 वर्षों से डूडा कॉलोनी में रह रहा था। बताया जाता है कि करीब तीन वर्ष पहले किसी पारिवारिक विवाद के चलते वह दिल्ली चला गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बिना दुल्हन के लौटी बारात

**नहटौर।** शादी का जश्न उस समय हंगामे में बदल गया, जब फेरों से ठीक पहले दूल्हे की कथित प्रेमिका मौके पर पहुंच गई। घटना में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा, लेकिन समझौता नहीं हो सका और दूल्हे को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा। जनपद मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र के एक गांव से बारात नहटौर क्षेत्र के एक गांव में आई थी। बारात का भव्य स्वागत किया गया था और बैंड-बाजों के साथ चढ़त की रस्म भी पूरी हो चुकी थी। मेहमान भोजन का आनंद ले रहे थे और फेरों की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान एक युवती दूल्हे के घर जा पहुंची। युवती ने दावा किया कि दूल्हे के साथ उसके लंबे समय से प्रेम संबंध हैं और वह उसे धोखे में रखकर शादी कर रहा है। यह खबर जैसे ही दुल्हन के परिवार तक पहुंची, विवाह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। युवती के आरोपों और विरोध को देखते हुए वधू पक्ष ने तुरंत फेरे रुकवा दिए। मामला बिगड़ता देख पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में दूल्हा पक्ष, वधू पक्ष और हंगामा करने वाली युवती नहटौर थाने पहुंचे। थाने के बाहर घंटों तक दोनों पक्षों के बीच पंचायत का दौर चला, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। वधू पक्ष इस धोखे से बेहद आक्रोशित था और उन्होंने अपनी बेटी को विदा करने से इनकार कर दिया। नहटौर के कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। देर रात तक चली समझौता वार्ता विफल रहने के कारण दुल्हन की विदाई नहीं हो सकी। अंततः यह तय हुआ कि अगले पांच दिनों के भीतर आपसी सहमति से मामले का निपटारा किया जाएगा। इसके बाद दूल्हा और उसके परिजनों को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा। यह घटना फिलहाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा।** थाना पुलिस ने छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुकदमा अपराध संख्या 090/2026, धारा 74/115(2), 351(3), 352 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत की गई है। पुलिस के अनुसार, 28 मार्च को स्योहारा थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ग्राम महमूदपुर निवासी सुहेल पुत्रा सैय्यद अहमद ने उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। शिकायत में यह भी बताया गया कि विरोध करने पर आरोपी सुहेल ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर स्योहारा पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद, पुलिस ने 29 मार्च 2026 को आरोपी सुहेल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक काजल तेवतिया और कांस्टेबल मनु शामिल थे। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

# पुलिस ने वांछित आरोपी दबोचा

**स्योहारा।** पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपी साहिल उर्फ वीर कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक नाबालिग लड़की का पीछा करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। पुलिस ने यह कार्रवाई 29 मार्च को की गई। पुलिस के अनुसार, 27 मार्च को पीड़िता ने थाना स्योहारा में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया था कि अभियुक्त साहिल पुत्र विनोद कुमार, निवासी मौहल्ला मिल्कियान, कस्बा स्योहारा, उसकी पुत्री का पीछा करता था और रास्ता रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करता था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 089/2026 दर्ज किया।

# दूसरी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का प्रस्ताव भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि जनपद में एक और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव खेल निदेशालय को भेजा गया है। यह पहल बिजनौर महोत्सव 2024 के तहत आयोजित पहली बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता की सफलता के बाद की गई है।

पिछली प्रतियोगिता अत्यंत सफल रही थी, जिसमें खिलाड़ियों और दर्शकों का व्यापक उत्साह देखने को मिला था। इसी सफलता को ध्यान में रखते हुए, जिला बिजनौर में एक और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित कराने का प्रस्ताव तैयार कर खेल निदेशालय को प्रेषित किया गया है।

## पिछली सफलता के बाद खेल निदेशालय को प्रेषित

खेल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि खेल निदेशालय या शासन स्तर से स्वीकृति और आवश्यक निर्देश मिलते ही प्रतियोगिता की तिथि घोषित कर दी जाएगी। इसकी विस्तृत सूचना बाद में सार्वजनिक की जाएगी। इस प्रतियोगिता में जनपद बिजनौर के साथ-साथ अन्य जनपदों और बाहरी क्षेत्रों के खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

उन्होंने जनपद और बाहरी क्षेत्रों के इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार रहें। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, बिजनौर से संपर्क बनाए रखने की सलाह दी गई है।

# अफजलगढ़ में गुलदार के हमलों से दहशत

## भाकियू ने बैठक कर मृतकों के परिजनों को मुआवजे की मांग उठाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में गुलदार का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। गुलदार की बढ़ती गतिविधियों ने किसानों व खेती मजदूरों की नींद उड़ा दी है। किसानों व मजदूरों का खेतों पर कृषि कार्य करना दूभर हो गया है। शनिवार को दो स्थानों पर गुलदार देखे जाने को लेकर किसानों में दहशत का माहौल है।

उधर भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर किसानों की गुलदार से सुरक्षा की मांग करते हुए मृतक के परिजनों को भारी भरकम मुआवजे की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों और जंगल से सटे इलाकों में गुलदार की मौजूदगी लगातार देखी जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज कादराबाद निवासी कृष्ण लाल अपने पुत्रों सचिन और राघव के साथ सतन सिंह के खेत जुताई व गन्ना की खुदाई कर रहे थे। घात लगाए बैठे गुलदार पर सचिन की नजर पड़ गई, जिसके बाद तीनों ने भागकर बैलगाड़ी पर चढ़कर किसी तरह अपनी जान बचाई। शोर मचाने पर गुलदार भाग गया। वहीं ग्राम हिदायतपुर निवासी महेन्द्र सिंह गन्ना छीलने तारा सिंह के खेत में गया था। तभी पास के गेहूं के खेत में गुलदार एक बछड़े का शिकार कर उसे खा रहा था। यह मंजर देखकर किसान के होश उड़ गए, उसने मौके से भागकर जान बचाई और गांव में सूचना दी। गुलदार के देखे जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई। भारी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व गुलदार ने एक महिला को मौत के घाट उतार दिया था। गुलदार की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। गुलदार की सक्रियता से क्षेत्र में आतंक का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

उधर आज ग्राम इस्लामनगर की पंचायत मुरलीवाला फॉर्म के गुरुद्वारा साहिब के परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने वन विभाग की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में किसानों पर गुलदार के लगातार हो रहे हमलों को लेकर वन विभाग के निंदा करते हुए शीघ्र ही गुलदार के हमलों को रोकने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन द्वारा गुलदार के हमारे में मारे गए परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजे के तौर पर देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा रात्रि में प्रभावित क्षेत्र में पथ प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग यदि मांगें नहीं मानी गई, तो भाकियू को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी समस्त प्रशासन वह वन विभाग की होगी।

# ससुराल में युवक की मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद क्षेत्र में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के थाना तितावी क्षेत्र के ग्राम जसौई निवासी 25 वर्षीय तालिब पुत्र अब्दुल रहीम का प्रेम विवाह 11 जनवरी 2026 को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ताहरपुर निवासी यासीन की पुत्री रूबी के साथ हुआ था। मृतक के पिता अब्दुल रहीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा तीन दिन पहले अपनी साली की शादी में शामिल होने ससुराल ताहरपुर आया था। उन्हें 27 मार्च को रात लगभग आठ बजे बेटे तालिब की मौत की सूचना मिली। अब्दुल रहीम ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद वे स्वयं जानकारी करते हुए सरकारी अस्पताल समीपुर पहुंचे, जहां तालिब को मृत अवस्था में पाया। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि तालिब देहरादून में काम करता था और लड़की भी वहीं रहती थी। दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते शादी की थी, जिससे लड़की के परिवार वाले खुश नहीं थे। उन्होंने आशंका जताई है कि लड़की के परिवार वालों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।

अब्दुल रहीम ने यह भी बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि तालिब ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि, उनका कहना है कि यदि फांसी लगाई होती तो शव किसी पेड़ या अन्य जगह लटका हुआ मिलता, लेकिन उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

## एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की हदें पार की : काजी जियाउर्रहमान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने कहा कि एपस्टीन फाइल में जिन दरिंदों के नाम शामिल हैं, उन्हें कुदरत भयानक सजा देगी।

उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी हैं। इन्होंने मानवता के विरुद्ध ऐसे अपराध किए हैं, जिन्हें न दुनिया माफ कर सकती है न कुदरत इन्हें छोड़ेगी। अमेरिका द्वारा ईरान पर बिना कारण युद्ध थोपना एपस्टीन फाइल के रिलीज होने से ध्यान भटकाना है।

उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पागलपन की वजह से अमे. रिका और समूचे विश्व को तबाही की आग में झोंक दिया है। इस युद्ध की भयावहता के कारण पूरे विश्व में हा-हाकार मच गया है तथा शांति भंग हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प जैसे सनकी जिन्होंने अपने आप को हिटलर द्वितीय साबित किया है और समूचे विश्व में नरसंहार करने पर तुले हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का अंजाम भी हिटलर जैसा ही होगा। ज्यादा सनक आत्महत्या के लिए प्रेरित कर देती है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। उसकी औकात नहीं की अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता करे।

## पुलिस ने दो आरोपी पकड़े



**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र फूल सिंह ने 23 मार्च को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि पलक पुत्री संजीव एवं पलक के परिजनों द्वारा उसके भतीजे प्रशांत पुत्र सियाराम के साथ जान से मारने के नियत से लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 143/26 धारा 109(1), 115(2), 61(2) बीएनएस पंजीकृत कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार दौराने इलाज मजरूब प्रशांत उपरोक्त की मृत्यु हो जाने पर अभियोग में उपरोक्त धारा 103(1), 190, 191(2) बीएनएस की वृद्धि की गई एवं आरोपी निक्रांत उर्फ निक्की, सचिन कुमार, अभिनव पुत्र राजपाल सिंह, संजीव पुत्र नाथू सिंह, पलक पुत्री संजीव निवासीगण ग्राम तखनपुरी थाना चांदपुर के नाम प्रकाश में आए जिसके चलते वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। आज थाना चांदपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त मामले में आरोपी निक्रांत उर्फ निक्की पुत्र बलरामख संजीव पुत्र नाथू सिंह निवासीगण ग्राम तखनपुरी थाुना चांदपुर जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त दो अदद डंडों सहित गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कृष्णा कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में विचार प्रकट किए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में विकसित भारत-2047 विषय पर एक दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी, महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, निदेशक योजना व विकास डॉ. एस.सी. जैन, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, ने संरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलित करके किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी ने बताया कि किस प्रकार भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र एवं एक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने भारत की युवा शक्ति में निहित अपार संभावनाओं का भी जिक्र किया एवं सभी से मिलकर इस राष्ट्रीय उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार ने विकसित भारत के विभिन्न आयामो एवं उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने (मेक इन इण्डिया) स्टार्ट, अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे क्रार्यक्रमों का जिक्र किया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन मनोज कुमार ने विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में युग छात्रशक्ति एवं रोजगार परक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

कृष्णा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी वक्ताओं का आभार प्रकट किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेमिनार का आयोजन डॉ. एस.सी. जैन के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल व श्रीमति प्रियंका राजन अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपिन कुमार शर्मा, गोपाल स्वरूप, मंदीप चिकारा, मेहरचंद, नीरज अपरवाल, नूतन मलिक, रोहित राजपूत, सौरभ चौधारी, कांता मलिक, दिपांशु जैन, दिशांत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिक्षक एक अप्रैल को मनाएंगे काला दिवस

## पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़ संकल्पित : राजेश कुमार रवि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एक अप्रैल को प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में काला दिवस मनाया जाएगा। इस सम्बंध में जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक अप्रैल 2005 को सरकार द्वारा प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारी से पुरानी पेंशन को छीनने का कार्य किया गया था। संगठन लंबे समय से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज करने का कार्य कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी काला फीता बांधकर कार्य करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपना विरोध दर्ज करेंगे। अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत ने विरोध प्रदर्शन को सफल करने का आह्वान किया। इस मौके पर बालेश कुमार, योगेश कुमार, आत्माराम, धीरेंद्र तिवारी, हारून, अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

## मिलेनियम का परीक्षाफल घोषित



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मौहम्मद अयान ने शत प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह ने छात्रों के कैरियर के सम्बन्ध में अभिभावकों को आवश्यक जानकारी दी। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश कुमार, बालेश कुमार, गजेय सिंह, कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, अर्शी अबरार, अंजलि, हिमानी, विधी, शिवानी, वैशाली कश्यप, सचिन कुमार, सदफ, स्वलिहा, स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा एवं केशव शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## फास्ट फूड की दुकान में लगी आग



**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान में राजीव कुमार फास्ट फूड्स की दुकान चलाता है। बीती शाम राजीव रोज की तरह दुकान बंद कर गया था। दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में आग लगने की सूचना सुबह आसपास के दुकानदारों ने दुकान राजीव कुमार को दी। दुकान स्वामी की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाई, लेकिन तब तक दुकान में रखा लकड़ी का सामान अग्नि की भेंट चढ़ चुका था।

# कब आओगे बालाजी महाराज, लगन लगी है दर्शन की...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

स्योहारा चुंगी स्थित महेंद्र वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन कब आओगे बालाजी महाराज लगन लगी है दर्शन की यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजा का उत्साह वर्धन किया। उसके बाद संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में महेंद्र वर्मा ममता वर्मा मोहित वर्मा शैफाली वर्मा आशीष वर्मा इशिका वर्मा देव वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, सुनील चौहान, सत्येंद्र भारद्वाज, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# पीएम आवास योजना में लापरवाही उजागर

## हल्का लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किए बिना ही घोषित कर दिया अपात्र





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हेड़ा में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक गरीब, भूमिहीन महिला को सरकारी योजना से वंचित किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें खासकर हल्का लेखपाल की भूमिका पर आरोप लगे हैं।

ग्राम कुम्हेड़ा निवासी पीड़िता सलोनी पत्नी पुनीत, जो एक मजदूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं, के पास रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है। बताया गया है कि उनका कच्चा मकान बारिश में गिर चुका है और वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ छत पर पन्नी डालकर गुजर-बसर कर रही हैं। आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। पीड़िता ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन किया था, लेकिन हल्का लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी ने बिना मौके का निरीक्षण किए ही उन्हें अपात्र घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में यह भी दर्ज किया गया कि पीड़िता के मकान के चारों ओर पक्की ईंटों की दीवार बनी हुई है, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल अलग बताई जा रही है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और गरीबों के हक में मिलने वाली योजनाओं की पारदर्शिता पर भी संदेह गहरा रहा है। आखिरकार परेशान होकर पीड़िता ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि मौके पर सही जांच कराकर दोषी अधिकारियों, विशेषकर हल्का लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस तरह की लाप. रवाही और मनमानी जारी रही, तो जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच पाना मुश्किल हो जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।

## एक नजर

### युवक पर जानलेवा हमला



**बिजनौर।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम चमरिया निवासी बंटी पुत्र हुकम सिंह देसी शराब की दुकान पर अपनी बाइक पर बैठा था। इसी दौरान काशीरामपुर निवासी भोलू पुत्र कर्मवीर उर्फ मुन्नु अंदर से निकला और बंटी पर लोहे की रॉड से कई बार हमला किया। हमले में बंटी बाइक से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल बंटी को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में पीड़ित बंटी बाइक पर बैठा दिखाई दे रहा है। तभी आरोपी भोलू आता है और अचानक लोहे की रॉड से उस पर कई वार कर देता है। हमले के बाद बंटी लहूलुहान होकर बाइक से नीचे गिर जाता है। पीड़ित बंटी ने अपने बयान में बताया कि वह बाइक पर बैठा था, तभी पास का ही रहने वाला युवक उसके पास आया और उससे पैसे मांगने लगा। पैसे न देने पर आरोपी ने उसे जातिसूचक शब्द कहे और गालियां दीं। इसके बाद उसने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। बंटी के अनुसार, आरोपी दबंगई के बल पर उससे पैसे मांग रहा था और पैसे न देने पर उसने हमला कर दिया।

### निदा और रिरित राजपूत बने टॉपर




**बिजनौर।** रवाना रोड स्थित निजी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। परीक्षाफल में प्राथमिक वर्ग से निदा नफीस और जूनियर वर्ग से रिरित राजपूत ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शेखर अवस्थी, विद्यालय प्रबंधक बलराम सिंह, मनोज कुमार और कमलजीत सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रस्तुति देने वालों में परी, सुजाता, नैना, मानवी, सुहानी, वंशिका, शिफा, भावना, गौरी, गुंजन, आशी, अरशद, निहारिका, खुशी, प्रेरणा, ललिता, अलशिफा, भूमि, सर्वलीन और इनाया नूर प्रमुख रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. शेखर अवस्थी और प्रबंधक बलराम सिंह ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उप-प्रधानाचार्या स्वाति चौहान ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। प्रबंधक बलराम सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनकी प्रतिभा को निखारना है। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान समाजसेवी मकसूद अंसारी ठेकेदार, डॉ. सरफराज सिद्दीकी, सुमित विश्वकर्मा, डॉ. अरुण अग्रवाल, जितेंद्र चौहान, प्रेमपाल सिंह, रवि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्कूटी-पिकअप भिड़ंत में तीन घायल



**बिजनौर।** रेहड़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर दहलावाला बस स्टैंड के पास आज दोपहर एक स्कूटी और टाटा पिकअप की टक्कर हो गई। ग्राम अंगदपुर निवासी साबिर हुसैन अपनी पत्नी मुन्नी खातून और रिश्तेदार कुमारी सरीना के साथ स्कूटी से मेघपुर (अफजलगढ़) से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। दहलावाला बस स्टैंड पहुंचते ही पीछे से आ रही टाटा पिकअप ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों स्कूटी सवार हाईवे पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल मुन्नी खातून (60 वर्ष) की हालत गंभीर बताई और उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार ने बताया कि टाटा पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार



**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने गौकशी से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पशु वध के उपकरण, अवैध हथियार और बाइक बरामद की गई है। 27 मार्च को नजीबाबाद कस्बे में सेंट मैरी चर्च के पीछे कच्चे रास्ते पर गौवंशीय अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। आज मुखबिर की सूचना पर जाफराबाद के जंगल क्षेत्र में पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी नईम उर्फ गुज्जू कुरैशी के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। मुठभेड़ के बाद दूसरे आरोपी हसीन उर्फ चुग्गा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपनी पहचान बताई। पुलिस ने कब्जे से एक-एक अवैध 315 बोर तमंचे, एक-एक जिंदा कारतूस, एक-एक खोखा कारतूस 315 बोर, पशु कटान के उपकरण (एक छुरी, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का गुटका एवं रस्सी आदि) और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मामले में आ गे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश जारी है।

# एक अप्रैल से लागू हो जाएगा नया सर्किल रेट का प्रारूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** प्रदेश में संपत्ति की खरीद-फरोख्त को पारदर्शी बनाने के लिए नया सर्किल रेट प्रारूप 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। राजस्व विभाग के अनुसार, नए ढांचे में सर्किल रेट को बाजार मूल्य के अधिक करीब लाने की कोशिश की गई है, जिससे जमीन और संपत्ति के लेन-देन में वास्तविक कीमत के अनुसार मूल्यांकन हो सके। अधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से सर्किल रेट और वास्तविक बाजार दर में अंतर को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। नए प्रारूप के लागू होने से राजस्व में बढ़ोतरी और पारदर्शिता आने की उम्मीद है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में सर्किल रेट के संशोधन पर भी काम किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण इलाकों में दरों का संतुलन बेहतर किया जा सके। नए नियमों के लागू होने के बाद रजिस्ट्री प्रक्रिया में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। सरकार का उद्देश्य है कि इस कदम से अवैध लेन-देन पर रोक लगे और संपत्ति की खरीद-बिक्री में स्पष्टता बनी रहे। उपनिबंधक कार्यालय अधिकारी ने बताया कि एक अप्रैल से परिवर्तन होंगे।

**0 दिन बाद उच्च न्यायालय के आदेश से मिली रिहाई**

## अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में 8 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने को व्यापक-प्रचार-प्रसार किया गया। इसके तहत मनवीर कश्यप के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। जबकि अधिक से अधिक सहभागिता करने का भी आहवान किया गया। इसके अलावा एक टीम ने बिटटू कश्यप के आवास पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का आहवान किया।



सम्भल- रेलवे लाइन के विस्तारीकरण के लिए पीएम के नाम महंत से पत्र लिखवाते समाज सेवी।

# महंत ने की प्रधानमंत्री से विस्तारीकरण को बजट जारी करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत सन्यास आश्रम अटटा, अतोरा, के महंत अनंत गिरी महाराज जी से आश्रम पर मिलकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का अनुरोध किया।

इस दौरान बोलते हुए आश्रम के महंत अनंत गिरी महाराज जी ने कहां की सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग काफी लंबे अरसे से की जाती आ रही है। यह मांग लगभग 5 दशक पुरानी है। सम्भल संतों की भूमि है। देश व प्रदेश के अन्य हिस्सों से साधु संतों का आना-जाना लगा रहता है। रेल लाइन की ठीक सुविधा न होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होने प्रधानमंत्री से जल्द से जल्द सम्भल रेल लाइन विस्तारीकरण के हेतु बजट जारी कराने की मांग की। आकांक्षु चाहल ने कहा कि सम्भल मैं औद्योगिक नगरी की स्थापना की जा रही है। जिसके लिए एक अच्छी रेल सुविधा का होना बहुत आवश्यक है। उद्योगों का ठीक से विकास हो सकेगा। चौधरी जामिन अली ने कहा किस सम्भल एक ऐतिहासिक नगर है।

**0रेलवे लाइन विस्तारीकरण को चल रहे अभियान में अटटा अतौरा के आश्रम पहुंचे विस्तारीकरण अभियान के संचालक**

महाराजा पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहा है। संभल में मेंथा मंडी भी है। व्यापारियों का देश व विदेशी आना जाना लगा रहता है।चौ. रविराज चाहल ने कहा कि सम्भल कल्कि भक्तो के आस्था का केंद्र है, यहां तक कि देश व विदेश तक के हिंदू भक्त यहां पर आते हैं और मासिक परिक्रमा में हिस्सा लेते हैं लेकिन रेल लाइन की सही सुविधा न होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर हम लगातार साधु संतों के पास जा रहे हैं। और पत्र लिखवा कर भिजवाए जा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जी हमारी इस मांग का संज्ञान अवश्य लेंगे। इस दौरान चौ रविराज चाहल, आदेश कुमार, मनोज कुमार, आकांशु चाहल, जामीन अली, हरपाल सिंह आदि रहे।

# नर्स से दरिंदगी कर बंधक बनाकर रखने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कोतवाली क्षेत्र स्थित बिस्मिल्लाह हॉस्पिटल में कार्यरत एक नर्स ने अस्पताल संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि चिकित्सक पीड़िता से फैसला होना बता रहा है।

**0तबियत खराब होने पर बेहोशी की दवा का सेवन कराकर किया दुष्कर्म, अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर जबर सम्बंध बनाने का भी आरोप, कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

कुंदरकी क्षेत्र की निवासी पीड़िता ने पुलिस में दर्ज करायी गर्ठ रिपोर्ट में कहा कि वह वर्ष 2022 से बिस्मिल्लाह हॉस्पिटल में नर्स के रूप में कार्यरत थी और अस्पताल परिसर में ही रहती थी। आरोप है कि अस्पताल के मालिक डा. जैद शुरू से ही उस पर गलत नजर रखते थे। पीड़िता के अनुसार, दिसंबर 2022 में बीमारी के दौरान आरोपी ने उसे दवा के नाम पर बेहोश कर दिया और उसके आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए। इसके बाद वह लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और नौकरी से निकालने व फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। शिकायत में यह भी आरोप है कि आरोपी युवती को जबरदस्ती अस्पताल में रोककर रखता था, मारपीट करता था और गर्भ ठहरने पर गर्भनिरोधक दवाइयां देता था। इतना ही नहीं, आरोपी उसे विभिन्न शहरों के होटलों में ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने किसी तरह वर्ष 2024 में अस्पताल छोड़ दिया, लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी उसे फोन कर धमकाता रहा और बुलाकर शोषण करता रहा। अंतिम घटना 2 अक्टूबर 2025 की बताई है। जब पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना बताई और दोनों आरोपी के पास शिकायत लेकर पहुंचे, तो आरोप है कि आरोपी और उसके पिता ने उनके साथ अभद्रता कर उन्हें भगा दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है।

## निरंतर बढ़ रहा गर्मी का पारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गर्मी का पारा निरंतर बढ़ता जा रहा है। जबकि हल्के बादल छाने के बाद भी गर्मी अपना पूरा अहसास करा रही है। दोपहर को गर्मी में बाहर निकलते ही गर्मी में पसीने से तरबतर हो जाते है। रविवार को भी गर्मी ने अपना पूरा अहसास कराया।

# पति प्रेमिका के साथ फरार, पत्नी ने लगाया मौत को गले

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**0पति ने बेटियों को भेज दिया था अपनी ननिहाल**

**0घर पर अकेली तनाव में रहती थी महिला**

**0दोनों बेटियों को भी मां से नहीं मिलवाया**

**सम्भल।** प्रेमिका के साथ फरार होने से पहले महिला के पति ने अपनी दो बेटियों को अपनी ननिहाल भेज दिया और पत्नी के साथ घर पर मारपीट कर अकेला छोड़ प्रेमिका के साथ फरार हो गया। सूचना पाकर मयके वाले महिला को अपने घर ले आए जहां बेटी के दर्शन को महिला तरसती रही और तनाव में आकर महिला ने कीटनाशक पदार्थ खा लिया। लगभग 8 दिन इलाज चलने के बाद महिला की मौत हो गई। महिला की मृत्यु पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कैला देवी थाना क्षेत्र के खरस्पा गांव निवासी 30 वर्षीय महिला नीतू की शादी धनारी थाना क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी श्रीनिवास के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही अक्सर दोनों में अनबन रहती थी। कुछ माह पहले महिला का पति पड़ोसी गांव खजरा निवासी अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। महिला के पास दो बेटी 7 वर्षीय सुरभि तथा 5 वर्षीय प्राची हैं। जिन्हें महिला के पति द्वारा अपनी माता के साथ अपनी ननिहाल भेज दिया गया था। घर पर अकेली महिला तनाव में रहती थी। दो माह पूर्व अपने भाई के साथ अपने मायके आ गई। उसके बाद महिला ने फोन कर अपने पति से अपनी दोनों मासूम बच्चियों को देने की गुहार लगाई। मगर पति ने इन्कार कर दिया। जिससे आहत होकर महिला ने बीते 21 मार्च को घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। महिला के परिजन उपचार हेतु सम्भल फिर मुरादाबाद लेकर गए। मगर कोई सुधार नहीं हुआ। महिला ने कीटनाशक का सेवन करने के बाद भी अपनी दोनों बेटियों के दर्शन के लिए पति से गुहार लगाई, लेकिन पति ने दोनों बच्चियों को मां से नहीं मिलवाया। शनिवार देर रात्रि महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद स्वजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक महिला के भाई विजयवीर ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी पति के विरुद्ध पहले भी कई बार धनारी थाने में प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है। मगर कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक कैला देवी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया की महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुबह और शाम बिजली की हो रही ट्रिपिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सुबह और शाम काफी देर तक बिजली की ट्रिपिंग होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि एक क्षेत्र की ही बिजली गुल रहने से अनेको सवाल खड़े हो रहे है। इसके अलावा रोडवेज क्षेत्र में बिजली गुल हो जाने से अंधेरे का साम्राज्य कायम हो जाता है।

## सड़क हादसा महिला समेत तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए विभिन्न सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना जेवर क्षेत्र के जेवर टोल के पास स्थित शिवा ढाबा पर एक बस खराब हो गई। लोग बस को धक्का देकर स्टार्ट कर रहे थे। उसी समय बस से एक महिला नीचे उतर रही थी। धक्के से बस अचानक स्टार्ट हो गई, तथा महिला बस से नीचे गिर गई। उसे गंभीर चोट आई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना जेवर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जेवर टोल के पास शिवा ढाबा है। ढाबे के पास एक बस खराब हो गई। कुछ सवारी उतर कर बस को धक्का दे रहे थे। इसी बीच बस में सवार पुष्पा शर्मा पत्नी रामेश्वर शर्मा निवासी हर्ष विहार दिल्ली उम्र 55 वर्ष, बस से नीचे उतरने लगी। यात्री बस को जोर से धक्का देने लगे, और बस स्टार्ट हो गई।

# जिले के पांच केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0हाई स्कूल की 21111 व इंटर की 17016 का मूल्यांकन शेष**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई सूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य तेज़ कर दिया गया है। जिले के पांच केन्द्रों पर चल रहे मूल्यांकन कार्य काफी हो चुका है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाइ स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य जिले के पांच केन्द्रं पर कराया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न जिलों से आर्यी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी के साथ हो रहा है। रविवार को भी मूल्यांकन कार्य किया गया। जिसके तहत एस एम इंटर कॉलेज चन्दौसी में इंटरमीडिएट की 28991 और इंटरमीडिएट इंटर कॉलेज बहजोई में बने केन्द्र पर 32148 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा हीरदेवी इंटर कॉलेज बहजोई पर हाई स्कूल की 61312, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सम्भल में इंटरमीडिएट की 28537जबकि आचार्य मुक्तेशा हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज सम्भल में हाई स्कूल की 44575 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जा चुका है। इसके अलावा एसएम इंटर कॉलेज पर इंटरमीडिएट की 7493 व इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई पर इंटरमीडिएट की 3260 शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 6263 एवं आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज सम्भल में 18316 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा पॉचो केन्द्र पर हाई स्कूल की 21111 व इंटर मीडिएट की 17016 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष बचा हुआ है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हातिम सराय में महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करती मिशन शक्ति की टीम।

## मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेज- 05 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत रायसत्ती थाना की मिशन शक्ति टीम ने मोहल्ला हातिम सराय में चौपाल लगाकर, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने और उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया। टीम में म.उ.नि. कुसुम लता शर्मा, म.का. मोनिका, का.कपिल कुमा, का.पीयूष शर्मा शामिल रहे।



सम्भल- बड़ा मैदान पर महापंचायत की सफलता को पहुंचने को प्रेरित करते।

## महापंचायत की सफलता को झोंकी ताकत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** 01 अप्रैल को बडा फील्ड बहजोई में होने वाली भाकियू असली की महापंचायत की सफलता और की तैयारियो को अपनी ताकत झोंक दी है। महापंचायत में अधिक से अधिक पहुंचने को क्षेत्र वार टीमो ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। जनसंपर्क मे किसानो के साथ समाजसेवी संस्थाओं से भी महापंचायत मे बड चढ़ कर शामिल होने की अपील की जा रही है। वक्ताओं द्वारा इस महापंचायत को किसानो के मान सम्मान की लड़ाई बताकर पहुंचने को प्रेरित कर रहे हैं। रिषभ चौधरी, होशियार सिंह व दिनेश सिरोही ने अढोला, भारतल, गढी व सिरसी मे, चौधरी संजीव गांधी, अर्जुनसिंह, दिलशाद व गुरुवचन सिंह ने फत्तेपुर,बाबुखेडा, हरिपुर, सतुपुरा मे, बिरमचारी यादव, सरदार मुकेश सिंह, गुढू चौधरी,हफीज ने नारगपुर,खिरनी,अझरा, रायपुर में व जयवीर यादव, सुलेमान, मोरध्वज,जाकीर, अमर सिंह, दयाराम आदि ने उधरनपुर,भागनगर, जयराम नगर सेमला आदि गांवों में जनसंपर्क किया

## चामुंडा मंदिर पर हुआ मां भगवती का विशाल जागरण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर गुन्नौर के बिजली घर के समीप चामुंडा मन्दिर पर मां भगवती का विशाल जागरण हुआ।जिसमें भक्ति गीत गाकर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। जागरण में मां भगवती का विधिविधान से पूजन किया गया। जागरण में भजन गायक कलाकारों ने माता के भजन सुनाकर सभी को आनन्दित कर दिया। उसके बाद माता की आरती की गयी। इस अवसर पर गोबिंद वार्ष्णेय, अमन वार्ष्णेय, लाला श्याम, केशव वार्ष्णेय व महिला श्रृद्धालु मौजूद रहे।



असमोली- रायां बुजुर्ग स्थित कांग्रेस नेता के कार्यालय परहज यात्रियों को प्रशिक्षण देते।

## पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने जायरीनों को दी दवा किट व ज़रूरी सामान

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** राया बुजुर्ग स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जायरीन हज को प्रशिक्षण दिया गया। हज ट्रैनर कारी मो. अली ने जायरीन हज को प्रशिक्षित किया। जबकि विधानसभा असमोली 32 पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी हाजी मरगूब आलम की ओर से हज पर जाने वाले हाजियो को दवाई किट और बेग व जरूरी समान देकर सम्मानित किया।

# छुट्टा सांड ने खेत की रखवाली करते छात्र पर हमला बोला,घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना कैला देवी क्षेत्र खिरनी चौकी गांव अझरा में कक्षा 11 के छात्र पर छुटटा सांड ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र लहूलुहान हो गया।

छुटटा पशुओं से खेतो में खड़ी फसलों की रखवाली के लिए रात खेतों पर गुजार रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है पूरी रात अपने खेतों पर रखवाली की जा रही है। तब भी छुटटा आवारा पशु हमारी फसल को नष्ट कर रहे हैं थाना केला देवी क्षेत्र के गांव कैली पतरासी के लोग छुटटा आवारा पशुओं को दौड़कर ग्राम अझरा की तरफ दौड़ा देते हैं।ग्राम अझरा निवासी सुमित कुमार पुत्र भगवानदास कक्षा 11 के छात्र खेत की फसल की रखवाली कर रहा था। तभी उस पर छुटटा सांड ने हमला बोल दिया। हमले में छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। इससे गुस्साय ग्राम अझरा के ग्रामीणों ने थाना कैला देवी की खिरनी चौकी पर पहुंच कर चौकी प्रभारी रामकुमार से गुहार लगायी। खिरनी चौकी प्रभारी ने सभी ग्रामीणों को उपजिलाधिकारी से शिकायत करना समझाकर भेज दिया। घायल छात्र को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जाना बताया जा रहा है।

**0लहुलूहान छात्र को भेजा जिला अस्पताल**

## भाकियू असली प्रवक्ता के भतीजे की राजस्थान सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू असली के प्रवक्ता के भतीजे की राजस्थान में सड़क हादसे में मौत हो गयी। शव कल आज आने की सम्भावना है।

नखासा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजातपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन असली के प्रवक्ता दीपक शर्मा की राजस्थान प्रदेश में देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जबकि परिजन शव लाने के लिए राजस्थान प्रस्थान कर गए। बताते हैं शव का पीएम हो गया है लेकिन शव कल आज 11 बजे तक आने की सम्भावना है। हादसे में मौत पर भाकियू असली कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भी शोक है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**0अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहने पर दिया गया ज़ोर**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति के आवास पर देखा व सुना गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में वैश्विक युद्ध और ऊर्जा संकट पर चिंता जताई। चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा हालात चुनौतीपूर्ण हैं और देशवासियों को अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहना चाहिए।प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा का जिक्र करते हुए वहां की सरकारों का आभार जताया। भाजपा गुन्नौर मण्डल अध्यक्ष इंदीवर सिंह ने कहा कि



बबराला- प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में जल संचय अभियान ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है। इस अभियान के तहत करीब 50 लाख कृत्रिम जल संचयन संरचना बनाए गए हैं। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति,मण्डल अध्यक्ष इंदीवर सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष जूलियस सीजर,मंडल उपाध्यक्ष जयदेव आर्य,राहुल कुमार,महिपाल सिंह बघेल, प्रेमपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संघ का पथ संचलन खिचड़ी भोज के साथ समापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर बबराला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में दण्ड सहित अनुशासित पथ संचलन किया जिसने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन की शुरुआत रात साढ़े सात बजे संस्कृति पब्लिक स्कूल से हुई यह संचलन नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर पुन विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का अनुशासन और एकरूपता देखने लायक थी। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित बौद्धिक सत्र में विभाग संयोजक महावीर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि संघ समाज के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस दौरान जिला प्रचारक दीपक नगर संचालक रामगोपाल खंड कार्यवाह सुनील कुमार जिला कार्यवाहक राजकुमार बैदिक विभाग संपर्क प्रमुख अरुण कांत जगदीप, चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, शिखर गोयल, विनय वार्ष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय योगेश गुप्ता नितिन कैलाश तिवारी दीपक,श्रृषभ स्वयंसेवक रहे।



सम्भल- राष्ट्रीय स्वयं सेंवक संघ के पथ संचलन में शामिल स्वयं सेवक।

# यूपीपीएससी में नर्सिंग अधिकारी बनी सम्भल की यासमीन निगार

**मेरठ मेडिकल कॉलेज में मिली ज्वाइनिंग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद की यासमीन निगार ने यूपीपएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में चयनित होकर नर्सिंग अधिकारी के पद पर जगह पाई है। जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है।



सम्भल के असमोली विकासखंड के मनोटा गांव से निकली यासमीन निगार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हुई परीक्षा में चयनित होकर अधिकारी बन गई हैं। जहां यासमीन निगार को मेरठ मेडिकल कालेज में नर्सिंग अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। यासमीन निगार सम्भल जनपद की अकेली छात्र हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई गई परीक्षा में नर्सिंग अधिकारी के पद पर जगह मिली है। यासमीन निगार की सफलता से पूरे जनपद में जहां खुशी का माहौल है तो वहीं उसके गांव में भी खुशी का माहौल है। वही यासमीन निगार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

# रेलवे कॉलोनी में घर के ताले तोड़कर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल, क्षेत्र के लोगों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी में बेखौफ चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने एक रेलवे अधिकारी के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पूरा परिवार हरिद्वार गया हुआ था।जानकारी के अनुसार, रेलवे में ओ.एस. पद पर तैनात ए.के. पाल अपने परिवार के साथ हरिद्वार के लक्सर में एक रिश्तेदार के यहां सत्यनारायण कथा में शामिल होने गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बना लिया। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने अलमारी और अन्य सामान को खंगाल डाला।घटना का खुलासा तब हुआ जब परिवार वापस लौटा और घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ देखा। पीड़ित के पुत्र यश कुमार पाल, जो नोएडा में एमसीए की पढ़ाई कर रहे हैं, ने बताया कि चोर करीब 10 से 12 तोले सोने के आभूषण, भारी मात्रा में चांदी और लगभग 3 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।रेलवे कॉलोनी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।



## योग शिविर में पालिका अध्यक्ष का किया अभिवादन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद में चल रहे योग शिविर में पहुंचे पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने योग किया। यहां पर सामाजिक कार्यकर्ता व योग गुरु ने उन्हें सम्मानित किया। बिलारी की नगर पालिका में योगशाला बनाई गई है। योगशाला के निर्माण को एक साल पूर्ण होने पर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव पहुंचे। जहां योग परिवार ने बैच लगाकर उनका सम्मान किया।

इस दौरान पटका भी पहनाया, पालिका अध्यक्ष ने बताया कि योगशाला बनने के बाद अनेकों लोग यहां योग करके स्वस्थ हो रहे हैं। इस बीच लकी ड्रा कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें पालिका अध्यक्ष ने लकी ड्रा निकाला। जो सर्राफा कारोबारी अजय राठी का निक.ला, दूसरा टोकन बार के पूर्व अध्यक्ष आफाक हुसैन ने निकाला, जो चौधरी सरोज सिंह के नाम निकला। दोनों विजेताओं को गिफ्ट भी दिए गए। कार्यक्रम में गीता रानी चंद्रवंशी, पूजा जैन, प्रीति चौधरी, सरोज सिंह, अनीता चौधरी, ममता फोगाट, रानी फोगाट,रेखा सक्सेना,ऋषि शर्मा, मधु रानी, कंचन चौधरी, मोहनलाल शर्मा, रामचंद्र, नरेंद्र कुमार, अजय राठी, राक.ेश कुमार चंद्रवंशी, वृत पाल सिंह, निहाल सिंह लाठर, विनीत कुमार, बाबूलाल चंद्रवंशी, उमेश चंद्र शर्मा ,राकेश कुमार गुप्ता, संजीव सिंघल, रामप्रताप सिंह, डॉक्टर राजवीर सिंह आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

## एक नजर

### आजाद इंटर कॉलेज में दिया हज यात्रियों को प्रशिक्षण



**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अंसारियान स्थित आजाद पब्लिक इंटर कॉलेज में हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक हाजी रईस आलम और करी रईस अशरफ ने हज यात्रियों को विस्तार से बताया कि वहां क्या सावधानी बरतें, कौन से फर्ज कैसे पूरे करने हैं, क्या नियम और शर्ते हैं। हज यात्रियों ने उनसे कई सवाल भी किये तो उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर उनके जवाब दिए। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 20 मई तक यहां से हज यात्रियों की रवानगी होगी, बिलारी से 40 यात्री जा रहे हैं।ट्रेनिंग में कॉलेज प्रबंधक इमाम हुसैन, प्रधानाचार्य समशुल कमर, मोहम्मद अमन के अलावा मुख्तियार हुसैन मोहम्मद अजीम रईस एडवोकेट शराफत जाहिद रफीक अहमद बबलू मोहम्मद मोहसिन मोहम्मद आजम शमशाद बाबू शकीला, शबाना अफसाना सरफराज हुसैन अकील हुसैन मेहनाज अकबरी, सिद्दीक, आसमा रानी, छोटी, नजमा, शहनाज मुन्नी आदि शामिल रहे।

### भागवत कथा में सुनाया राजा परीक्षित का प्रसंग

**बिलारी।** क्षेत्र के नगलिया जट गांव के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन अलीगढ़ से आई कथा व्यास आरती शास्त्री ने कथा प्रसंग के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार किया और महिलाओं का सम्मान कर घर को सुंदर बनाने की सीख प्रदान की। उन्होंने कहा कि जिन घरों में नारी का सम्मान नहीं होता वहां से लक्ष्मी जी दूर रहती हैं और अन्य देवी देवता भी किनारा कर लेते हैं। बिना दैवीय कृपा के इस भौतिक जगत में जीवन यापन करना बहुत कठिन है इसलिए हमें चाहिए कि हम नारी का सम्मान करें नारी ही घर को स्वर्ग सा



सुंदर बना सकती है। राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि उन्होंने अज्ञानता और अभिमान वश ऋषि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया था इस कारण उन्हें श्राप मिला सात दिन के अंदर तेरी मृत्यु नाग के डंसने से हो जाएगी जब परीक्षित को अपनी भूल का एहसास हुआ तब उन्होंने अपनी मुक्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा सुनीं। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा की भागवत कथा सुनने से हमारे पितरपूर्वजों को शांति मिलती है और वह हमें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। भागवत भगवान के श्री मुख से निकली हुई वाणी है हमें कथा सुनने के उपरांत उसमें बताई हुई बातों पर अमल करना चाहिए। कथा में महंत बालक पुरी जूना अखाड़ा, महंत गोपालपुरी नैमिषारण्य धाम के बाबा देवीदास के अलावा नेकसे फौजी, धर्मवीर सिंह, कृष्णा, अमरपाल आदि ने ढोलक चिमटा आदि पर संगत दी। आचार्य हरिओम ने कथा स्थल पर हवन कराया। परीक्षित के रूप में संजीव कुमार, रनवीर सिंह,महेंद्र सिंह कंचन आदि रहे।

### चैती मेला एकादशी पर टांडा अमरपुर में निकाली गई शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** क्षेत्र के गांव टांडा अमरपुर में चौती मेला एकादशी के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अनेकों झांकियां शामिल हुई। शोभायात्रा में भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने सहयोग दिया। रविवार को गांव में निकाली गई शोभा यात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। शोभा यात्रा में भगवान शंकर, भगवान विष्णु, भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी आदि की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी। इसके अलावा नृत्य करती भगवान शंकर पार्वती की झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। वही शोभायात्रा चामुंडा मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। जहां पर अनेकों चाट पकौड़ी आदि की दुकान लगी हुई थी। लोगों ने चाट पकौड़ियों का लुफ्त उठाया। इसके अलावा डीजे और बैंड के कलाकारों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति की। मंदिर पर आरती का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर कमेटी के भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, पूर्व प्रधान टांडा अमरपुर अरविंद सिंह, सुधीर कुमार, भूरा सिंह, देवराज सिंह, आनंद वीर सिंह, जगपाल सिंह, कल्लू उर्फ रिंकू सिंह,महबूब हुसैन, संतोष कुमार, विजेंद्र कुमार, राधेश्याम, डोरी सिंह आदि सहित अनेकों ने सहयोग दिया।



### सीएचसी में व्यवस्थाओं में सुधार, सफाई अभियान तेज

**बिलारी।** नगर के सरकारी अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। अस्पताल परिसर में संचालित बीपीएम (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजमेंट) यूनिट को व्यवस्थित करते हुए एक ओर शिफ्ट कराया गया है, जिससे अस्पताल में स्थान का बेहतर उपयोग हो सके। इसके साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। चिकित्सा अधीक्षक के निर्देश पर स्टाफ द्वारा नियमित रूप से वार्ड, ओपीडी, परिसर एवं अन्य विभागों में सफाई की जा रही है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इन व्यवस्थाओं से मरीजों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही संक्रमण के खतरे को भी कम किया जा सकेगा। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## चिकित्सा कैंप में 300 मरीजो का इलाज डॉक्टर अनुराग मेहरोत्रा ने फीता काटकर कराया शुभारंभ

**कांठ (शाह टाइम्स)** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में रविवार को नगर में सिद्ध मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल मुरादाबाद की ओर विश्नोई मंदिर में निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 300 से अधिक मरीज का निशुल्क उपचार किया गया और दवाई दी गई। शिविर का शुभारंभ डॉ अनुराग मेहरोत्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना हमारा लक्ष्य हैस शिविर में सुबह से ही मरीजों की भारी संख्या देखने को मिली।

शिबिर में लोगों की विभिन्न जांच और एक्स-रे किए गए स सिद्ध हॉस्पिटल के एमडी डॉ अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि विश्नोई मंदिर में हमारी टीम के द्वारा निशुल्क कैंप लगाया । इस शिविर का उद्देश्य लोगों में होने वाली नॉन कम्युनिकेबल डिसीज को सही उपचार देना है। उन्होंने बताया कि सुबह 9:30 बजे के बाद से ओपीडी शुरू कर दी गई थी। यह ओपीडी दोपहर 3 बजे तक चलती रही। इसके साथ ही टेस्टिंग और दवाईयां भी लोगों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर डॉ मोहित टंडन,डॉ अंकुर वर्मा, डॉ मो इमरान, डॉ सोहेल खान, डॉ स्तुति सिंह, डॉ स्वाति लोचब,व डॉ राजीव वर्मा, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई,भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी सोमवीर सिंह,राजन विश्नोई, कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी, गौरव बिश्नोई आदि मौजूद थे।



## काजीपुरा में 'न्यू झंडा खान चिल्ड्रन एकेडमी' का शुभारंभ

### आधुनिक सुविधाओं से लैस स्कूल के उद्घाटन में जुटे सैकड़ों लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ग्राम काजीपुरा स्थित झंडा खान इंटर कॉलेज के निकट बच्चों की बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से 'न्यू झंडा खान चिल्ड्रन एकेडमी' का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों और अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस एकेडमी के प्रमोटर राहत अली और प्रिंसिपल रेशमा खानम ने बताया कि स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां स्मार्ट क्लास, स्वच्छ वातावरण, योग्य शिक्षकों की टीम और खेल-कूद की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उद्घाटन कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में डॉक्टर अकरम, रेहान अशरफ और मास्टर नफीस मौजूद रहे। उन्होंने फीता काटकर स्कूल का शुभारंभ किया और संस्था के प्रयासों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के शिक्षण संस्थान खुलने से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा और शिक्षा का स्तर भी ऊंचा उठेगा। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। अभिभावकों ने स्कूल की सुविधाओं और प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।




## खेरुल्लापुर में 51 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, भक्तिमय हुआ वातावरण



**सुरजननगर।** क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम खेरुल्लापुर में अध्यात्म और लोक कल्याण की भावना के साथ 51 कुंडलीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का अत्यंत श्रद्धा व उल्लास के साथ शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया है। घ्कार्यक्रम का आरंभ विधि-विधान से भूमि पूजन के साथ किया गया, जिसके पश्चात विशाल यज्ञशाला में आहुतियां प्रदान की गईं। इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से गांव के पूर्व प्रधान राजकुमार, राहुल सिंह और नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञ की संपूर्ण प्रक्रिया शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारी विद्वान टोली के निर्देशन में संपन्न कराई जा रही है। हरिद्वार से आए विशेषज्ञों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ उपस्थित जनसमूह को गायत्री मंत्र की महिमा और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। यज्ञ के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि समाज में सद्भावना और शुचिता का संचार भी होता है। महोत्सव के दौरान विभिन्न संस्कारों का संपादन भी किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीण बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी।

## कॉम्प्लेक्स ऑपरेशन भी अब बन रहे ज्यादा सुरक्षित और सटीक: डॉ. आदित्य कुमार

### मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत के सी.टी.वी.एस विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड ने बताए रोबोट-असिस्टेड हार्ट सर्जरी के लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पिछले कुछ दशकों में कार्डियक सर्जरी के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है, जिससे मरीजों के परिणामों में काफी सुधार आया है। इन प्रगतियों में सबसे अहम है रोबोट-असिस्टेड हार्ट सर्जरी, जो एक मिनिमली इनवेसिव तकनीक है। इसमें एक अत्यधिक प्रशिक्षित सर्जन की विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक का संयोजन होता है, जिससे दिल की जटिल सर्जरी बेहद सटीकता के साथ की जा सकती है। उक्त जानकारी मीडिया से बात करते हुए मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के सी.टी.वी.एस विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. आदित्य कुमार सिंह ने बतायी। कहा कि पहले ज्यादातर हार्ट सर्जरी छाती पर बड़े चीरे (स्टर्नोटॉमी) के जरिए की जाती थीं, जिसमें छाती की हड्डी को काटकर दिल तक पहुंच बनाई जाती थी। यह तरीका आज भी कुछ मामलों में जरूरी होता है, लेकिन इसमें रिकवरी का समय लंबा होता है और शरीर को अधिक ट्रॉमा झेलना पड़ता है। इसके मुकाबले रोबोटिक सर्जरी कम दर्द और तेज रिकवरी के कारण कई मरीजों के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है। रोबोट-असिस्टेड कार्डियक सर्जरी में सर्जन एक विशेष कंसोल से ऑपरेशन करते हैं, जहां से वे छोटे-छोटे पोर्ट्स के जरिए मरीज के शरीर में डाले गए रोबोटिक उपकरणों को नियंत्रित करते हैं। हाई-डेफिनिशन 3डी कैमरा दिल की संरचना का बेहद साफ दृश्य प्रदान करता है, जिससे सर्जन नाजुक हिस्सों पर भी सटीक काम कर पाते हैं। रोबोटिक आर्म्स सर्जन के हाथों की हलचल को माइक्रो-मूवमेंट्स में बदल देती हैं, जिससे सीमित जगह में भी अत्यंत सटीक सर्जरी संभव हो पाती है। मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया होने के कारण रोबोटिक हार्ट सर्जरी में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे खून कम बहता है, दर्द कम होता है और संक्रमण का खतरा भी घटता है। मरीजों को अस्पताल में कम समय रहना पड़ता है और वे जल्दी अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट पाते हैं। पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में यह तकनीक मरीजों के लिए अधिक आरामदायक और सुरक्षित साबित हो रही है। डॉ. आदित्य कुमार की माने तो रोबोटिक सर्जरी का एक बड़ा लाभ इसमें इस्तेमाल होने वाले उपकरण हैं, जिनकी सटीकता और लचीला.पन मानव हाथ से कहीं बेहतर होता है। इससे सर्जन जटिल प्रक्रियाओं को अधिक सटीकता से पूरा कर सकते हैं।

हालांकि, यह समझना जरूरी है कि रोबोट अपने आप कोई निर्णय नहीं लेताख्रपूरे ऑपरेशन के दौरान हर गतिविधि सर्जन के नियंत्रण में ही रहती है। डॉ. आदित्य कुमार ने बताया कि आने वाले समय में रोबोटिक सर्जरी एचआर-सीटी सर्जरी के क्षेत्र में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह तकनीक न केवल सर्जरी को अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि पारंपरिक सर्जरी से जुड़े ट्रॉमा को भी कम करेगी।



जैसे-जैसे इस तकनीक का अनुभव और उपयोग बढ़ेगा, यह कार्डियक सर्जरी का एक प्रमुख हिस्सा बनती जाएगी, जिससे सर्जरी और भी सुरक्षित होगी और मरीजों की रिकवरी पहले से कहीं अधिक तेज होगी। आज के समय में अधिकांश हार्ट बायपास सर्जरी रोबोटिक तकनीक से की जा सकती हैं, जिससे मरीजों को टोटल आर्टेरियल सीएबीजी जैसे बेहतर और लंबे समय तक टिकाऊ परिणाम मिलते हैं।

## बकरे की टांग तोड़ने के विरोध पर बुरी तरह से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव थावंला के ईंट भट्ठा मजदूर में मोहल्ले के ही लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

गांव के हसमत अली पुत्र अनवर में मुकदमा दर्ज कराया कि वह ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। परिवार में उनकी मां, पत्नी व भाई रहते हैं। वह घर के बाहर गया हुआ था। पड़ोस के रहने वाले युसूफ, यूनुस, नईम, फहीम जो जाति से कुरेशी हैं और चोरी छिपे पशु का कटान करते हैं। जब उसके परिवार वाले इसका विरोध करते हैं तो वह मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। 27 मार्च को शाम 4 बजे सभी ने उनके घर के बाहर बंधे बकरे की टांग टक्कर मारकर तोड़ दी। जब उनकी मां जुबेदा खातून भाभी भूरी ने विरोध किया तो चारों ने लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया, कहा कि तुम हमारे काम में विरोध करते हो। किसी दिन तुम्हें भी जान से मार दिया जाएगा। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## भाजपा चंद्र नगर मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के चंद्र नगर मंडल में आयोजित दो दिवसीय भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग 28 से 29 मार्च तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को शील्ड और पटका देकर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठनात्मक कार्यों, सामाजिक दायित्वों और नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष चर्चा की गई। प्रशिक्षण के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त तथा क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा उपस्थित रहे। वहीं दूसरे दिन कार्यक्रम में धर्मेंद्र नाथ मिश्रा (कार्यक्रम संयोजक), अल्पना रितेश गुप्ता, दिनेश सिसोदिया और आईटी विभाग से सुमित ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार गुप्ता ने की। उनके साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु कौशिक, पूर्व नामित पार्षद कृपाल सिंह, पार्षद हुकम सिंह सैनी, किशन लाल जाटव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र लोधी सहित कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में महानगर महामंत्री अमित शर्मा, शमी भटनागर, विशाल त्यागी, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, नवदीप टंडन, डॉ. विशेष गुप्ता समेत अनेक पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन की व्यवस्थाओं में मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महेश सैनी एवं मंडल उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा ने किया। अंत में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन जिला महानगर अध्यक्ष गिरीश भडुला के नेतृत्व में किया गया।



## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना सोनकपुर क्षेत्र में एमएसटी-18 टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।

उप निरीक्षक तेजपाल शर्मा एवं महिला कांस्टेबल पूजा गौतम ने महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा संचा.लित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जिनमें 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1078, 181 एवं 112 (आपातकालीन सेवा) शामिल हैं।

सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने तथा नजदीकी पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। साथ ही बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं सुरक्षा उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। स्थानीय महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सरकार की सराहनीय पहल बताया।

**MORADABAD MUSLIM DEGREE COLLEGE, MORADABAD**

**(Affiliated to Guru Jambheshwar University Moradabad.)**

**Advt. No. 01/2026** **Dated: 28.03.2026**

Applications are invited from eligible candidates for appointment to the post of Assistant Professors in various departments of studies of MMDC. The last date of application is 14.04.2026 (Saturday) until 5:00 pm.

**Subjects:** Arabic, Drawing & Painting, Economics, Education, English, Geography, Hindi, History, Home Science, MSW, Psychology, Political Science, Sociology, Urdu, Commerce, Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Home Science, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology

Eligibility & Qualification: As per UGC / Guru Jambheshwar University norms

Salary: As per UGC / Guru Jambheshwar University norms

**Application Fee: 200/-** (Demand Draft in favour of Moradabad Muslim Degree College) Interested candidates should apply on the prescribed application format available in office along with CV, self-attested copies of all academic and educational certificates/testimonials, and 2 recent passport size photographs.

**For more details contact: Email: info@mmdegreecollege.com**

**Moradabad Muslim Degree College, Katghar, Moradabad - 244001, U.P.**

## जायंट्स ग्रुप सखी सहेली ने किया अधिष्ठापन समारोह

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी-सहेली द्वारा अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। सखी-सहेली ग्रुप का 18वां अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, विपिन मित्तल, उमेश अग्रवाल, नितिन वर्मा व सुभाष रूस्तगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों का तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।




बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं तृषा ने बेटी के महत्व पर प्रभावशाली कविता सुनाई। गत वर्ष के सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साई बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने राष्ट्रीय एकता पर नाटिका प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर नए ग्रुप पंतनगर रॉयल को चार्टर प्रदान किया गया। इंस्टॉलेशन ऑफिसर अंजू राजपूत ने दोनों ग्रुपों के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। डॉ. मधु तोमर व सुनीता महेश्वरी ने अध्यक्ष पद ग्रहण कर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ, सम्मान समारोह व स्मृति चिन्ह वितरण भी हुआ। अंत में सभी अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था रही। संचालन डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय ने किया। समारोह में अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीनारायण सेवा समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष सुभाषचंद्र वार्ष्णेय 'भोलेनाथ' ने बैठक की शुरुआत करते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य कारणों से लंबे समय से समिति की गतिविधियां प्रभावित रहीं, लेकिन अब सर्वसम्मति से नए कार्यक्रमों की योजना बनाई जाएगी। प्रबंधक हरीश कठेरिया ने जानकारी दी कि अगले महीने से समिति की पत्रिका 'कविशा' का प्रकाशन शुरू करने की योजना है, जिसमें चन्दौसी व आसपास के क्षेत्रों की प्रमुख एवं ख्यातिलब्ध हस्तियों को स्थान दिया जाएगा। डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि पूर्व में स्थगित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के स्थान पर अब कला प्रतियोगिता को बेहतर तरीके से आयोजित किया जाएगा। विपिन बालाजी ने जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता दुगपाल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण पर जोर दिया। डॉ. डी.के. अग्निहोत्री ने सभी सदस्यों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। बैठक में के.जी. गुप्ता, मुकुंद अग्रवाल, श्यामसुंदर दुबे सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## विवाद ने लिया हिंसक रूप, फायरिंग में युवक घायल, एक आरोपी गिरफ्तार

**चन्दौसी।** नगर में शटर लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में गोली लगने से निखिल नामक युवक घायल हो गया। पीडिघ्त पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार, 28 मार्च को वादी धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र दौलतराम निवासी मोहल्ला बड़ा महादेव, चन्दौसी ने थाना चन्दौसी में तहरीर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि जमीन के विवाद को लेकर अभियुक्तगण हथियार लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर निशांत ने कपिल के सिर पर तमंचे की बट से हमला कर दिया, जबकि प्रशांत ने ईंटें बरसाईं।

जब वादी के भाइयों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो निशांत ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। गोली निखिल के बाएं हाथ की बांह को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में थाना चन्दौसी पर मुकदमा संख्या 86/2026 धारा 109(1), 333, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी प्रशांत पुत्र स्वर्गीय राकेश गांधी निवासी बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, चन्दौसी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## शराब के विरोध पर पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, पति गिरफ्तार

**चन्दौसी।** घरेलू विवाद ने एक महिला की जान ले ली। शराब पीने को लेकर हुए झगड़े में पति ने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना चन्दौसी पर वादी प्रमोद कुमार पुत्र स्वर्गीय कल्लूराम निवासी मोहल्ला रायसत्ती, चन्दौसी ने तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी 33 वर्षीय भांजी गौरी की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व पान सिंह पुत्र रमेश निवासी रामनगर, थाना चन्दौसी से कराई थी। आरोप है कि पान सिंह आए दिन गौरी को ताने देता था और उसके साथ मारपीट करता था। बताया गया कि 27 मार्च की सुबह भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसमें पान सिंह ने गौरी को बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में थाना चन्दौसी पर मुकदमा संख्या 87/2026 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चन्दौसी पुलिस ने आरा. ेपी पति पान सिंह को सैनिक चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरा. ेपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसे शराब पीने की आदत है और उसकी पत्नी गौरी उसे शराब पीने से मना करती थी। इसी बात को लेकर हुए झगड़े में उसने गौरी को बुरी तरह पीट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## वाल्मीकि धर्म समाज की मीटिंग: श्रद्धा पर्व की तैयारियों को लेकर हुआ मंथन, एडवोकेट मोनू सम्राट बने नगर अध्यक्ष



**ठाकुरद्वारा।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भीम) संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 29 मार्च 2026 को वीरेश भीम अनार्य जी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय आगामी श्श्रद्धा पर्वश को लेकर रणनीति तैयार करना था। मीटिंग में वीरेश भीम अनार्य जी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपीं। उन्होंने सभी से अपील की कि 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले श्रद्धा पर्व में अधिक से अधिक लोगों को शामिल किया जाए, ताकि कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर एक अहम निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से एडवोकेट मोनू सम्राट वाल्मीकि को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भीम) संगठन का नगर अध्यक्ष (ठाकुरद्वारा) मनोनीत किया गया। संगठन ने उनके नेतृत्व में क्षेत्र में समाज के उत्थान और कार्यक्रमों को सफल बनाने की उम्मीद जताई। बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों में धर्म गुरु वीरेश भीम अनार्य जी, राष्ट्रीय महामंत्री नीरज पराशर, राष्ट्रीय संचालक राकेश दानव जी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकेश चौधरी जी, युथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष एकलव्य जी, जिला अध्यक्ष रामपुर दलिप वाल्मीकि, अभिषेक वाल्मीकि, किरेंद्र, करन, अनिल, अंकित, विजय अनार्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, तीन गिरफ्तार

## गृहस्वामिनी आशा की मेहनत रंग लाई, भागते समय बदमाश को मारा था डंडा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में 24 मार्च की रात हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल तीन शातिर बदमाशों को दबोचते हुए नकदी, जेवर और अवैध असलहा बरामद किया है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। रविवार को सूचना मिली कि घटना से जुड़े संदिग्ध ग्राम कैथल से बुद्धनगर खंडवा रोड पर देखे गए हैं। सूचना पर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक आर-15 मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर एक बदमाश ने तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक आरोपी के पैर में लगी, जिससे वह गिर पड़ा और मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम रवि पुत्र रामप्रसाद निवासी बिसौली, जिला बदायूं बताया। पूछताछ में उसने गिरोह के सरगना राजेन्द्र उर्फ इंदल का नाम उजागर किया, जो अभी फरार है। इसके बाद पुलिस ने राहुल निवासी मुरादाबाद को भी गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि लूट के दौरान नफीस भागते समय दीवार से गिरकर घायल हो गया था, जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने शातिरों के कब्जे से करीब 30 हजार रुपये नकद, दो सोने के कुंडल, एक तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की आर-15 बाइक बरामद की है।

पूछताछ में तीनों ने लूट की घटना कबूल कर ली है। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस का कहना है कि गिरोह का सरगना अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। बदमाशों को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर, एसओजी टीम व थाना पुलिस की अहम भूमिका रही।

## चन्दौसी के विकास को मिली रफ्तार, गेस्ट हाउस व बस स्टैंड समेत कई परियोजनाएं स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के विकास को नई गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। रविवार को राज्यमंत्री गुलाब देवी ने प्रेसवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चन्दौसी में गेस्ट हाउस, रोडवेज बस स्टैंड और बदायूं चुंगी से ग्रीन चन्दौसी तक सीसी नाले का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस निर्माण के लिए करीब 2.97 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें पहली किश्त एक करोड़ रुपये जारी हो चुकी है। इसके अलावा चन्दौसी में चार सुइट वाला निरीक्षण भवन भी बनाया जाएगा। बदायूं चुंगी से ग्रीन चन्दौसी तक



सीसी नाले के निर्माण हेतु 18.56 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जिसमें दो करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई है। राज्यमंत्री ने बताया कि नगरपा. लिका कार्यालय का पुराना जर्जर भवन तोड़े जाने के बाद अब नए स्वरूप में आधुनिक कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही चन्दौसी समेत संभल, बहजोई, गुन्नौर, बबराला व गवां नगर निकायों को भी विकास कार्यों के लिए धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि नगर को 'चांदसी नगरी' के रूप में विकसित करने के लिए सात प्रमुख सड़कों पर आकर्षक स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। साथ ही रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा।

## शासन के आदेश की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां छुट्टी के बावजूद भी स्कूल खुला

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** महानगर में एसडीआरएम स्कूल नानक बाड़ी मझोला में हिंदी मीडियम स्कूल द्वारा शासन के आदेश की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां। छुट्टी के बावजूद भी स्कूल खुला हुआ है। प्रिंसिपल जयप्रकाश सिंह का कहना है कि सरकार द्वारा की गई छुट्टी का अनुपात कोई असर नहीं पड़ता, स्कूल उनके हिसाब से चलता है ना कि सरकार के हिसाब से। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। इस मामले में जब प्रिंसिपल जयप्रकाश सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि स्कूल की अपनी नीतियां हैं और वे उसी के अनुसार चलते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की छुट्टी का कोई मतलब नहीं है, स्कूल अपने हिसाब से चलता है। यह मामला अब शिक्षा विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में आया है और वे इस मामले की जांच कर रहे हैं। अगर स्कूल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो यह मामला और भी गरमा सकता है। इस खबर के बाद से ही लोग शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर क्यों स्कूल के प्रिंसिपल को सरकार के आदेश की परवाह नहीं है? क्या वे अपने हिसाब से स्कूल चला सकते हैं?

## नगर में माता महाकाली की भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माता महाकाली मंदिर का 56 वाँ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन पर शनिवार को माता महाकाली की बैंड बाजे के भव्य शोभा यात्रा निकाली गईस शोभा यात्रा का उद्घाटन मंदिर के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह बिश्नोई ने कियास शोभा यात्रा में शामिल झांकिया ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया स शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई और पुलिस



चौकी, नगर के विभिन्न स्थान एवं मुख्य बाजार से होती हुई अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची स इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, मुकेश माहेष्वरी, नन्द समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर, मनोज कुमार विश्नोई, रजत बिश्नोई आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# आरएसएस गोष्ठी में 'पांच परिवर्तन' पर जोर संगठित समाज निर्माण का किया आह्वान

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम करनपुर, डिलारी स्थित बतसल रिसोर्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से एक प्रमुख गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें समाज को संगठित, समर्थ और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मेरठ प्रांत के सह-शारी. रिक प्रमुख धर्मेंद्र जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में "पांच परिवर्तन" को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने समरसता, पर्यावरण संरक्षण, वसुधैव कुटुंबकम, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समरसता का मतलब है समाज को जाति-पाति के भेदभाव से मुक्त करना और सभी को साथ लेकर चलना। पर्यावरण संरक्षण के लिए पानी बचाने, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की। वसुधैव कुटुंबकम के तहत परिवार और समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। "स्व" के बारे में उन्होंने बताया कि हमें अपनी भाषा,






वेशभूषा, संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। वहीं नागरिक कर्तव्यों के अंतर्गत उन्होंने सभी लोगों से सरकारी नियमों का पालन करने और अनुशासित जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने संघ के 100 वर्षों के इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी और इस दौरान कई बार संगठन को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, लेकिन स्वयंसेवकों ने हर चुनौती का डटकर सामना किया और देश सेवा में लगातार योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ चालक कृष्ण गोपाल जी ने की, जबकि संचालन ओमेंद्रपाल ने किया। इस अवसर पर तहसील प्रचारक शिवांशु , नगर संघ चालक सुनील पुठिया, नगर कार्यवाह मुदित अग्रवाल

तहसील प्रचारक शिवांशु, मास्टर जयपाल सिंह कपिल कुमार प्रेम सिंह राजेंद्र सिंह गजेंद्र पाल सिंह राकेश चौहान तरुण चौहान जिला प्रचारक प्रिंस कुमार आशुतोष अग्रवाल भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार गौरव चौहान ठाकुर अजय प्रताप सिंह डॉक्टर वीर सिंह सैनी पवन कुमार एडवोकेट आचार्य नरेंद्र पाल सिंह नीतू चौहान सचिन राणा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्कूल के शुभारंभ पर फिल्मी डांस बना चर्चा का विषय

**कांठ ( शाह टाइम्स )** स्कूल के शुभारंभ पर हुआ फिल्मी डांस आज दिन भर चर्चा का विषय बना रहा लोगों ने कार्यक्रम संचालकों के इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की है। क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को स्कूल का शुभारंभ हुआ




जिसमें सांसद रुचि वीरा भी पहुंची लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर मंच से कराए गए नृत्य को देखकर लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली, फिल्म मुकद्दर का सिकंदर के गीत, सलामे इश्क मेरी जा जरा कबुल कर लो, पर कलाकारों ने जमकर नृत्य किया हालांकि काफी लोगों ने इसका आनंद भी उठाया लेकिन काफी लोग ऐसे भी थे जिन्होंने ऐसे पावन अवसर पर इस तरह के नृत्य और गीत को लेकर कड़ी निंदा की। आज दिन भर इस कार्यक्रम की क्षेत्र में चर्चा होती रही लोगों ने कार्यक्रम संचालकों की सोच पर सवाल खड़े किए और बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की है।

### कांग्रेस की मासिक बैठक में रणनीति पर विचार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन आज कांग्रेस कार्यालय में किया गया



जिसमें पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचने का आह्वान किया गया और रणनीति तैयार की गई। बैठक में सोनिया गांधी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उनके जीवन की कामना के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर शोबीर सिंह यादव परम सिंह सैनी विनीत चौहान शरीफ आजाद विजय भटनागर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी सीपी सिंह तारिक रियाज अर्जुन भुईँयार आदि मौजूद रहे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट फाइनल में मंसूरी टीम जीती :दस हजार रुपए और ट्रॉफी मिली

**मूंढापाण्डे।** गोविंदपुर खुर्द खेल मैदान पर रविवार को लिजेंट सीजन 1 क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मैच खेला गए। इस मुकाबलों को देखने के लिए हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे, जिससे पूरा मैदान खचाखच भर गया।भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कई दर्शकों ने पेड़ों पर चढ़कर मैच का आनंद लिया, फाइनल मुकाबला रिजवान मंसूरी लिजेंट और फहीम लिजेंट की टीम के बीच हुआ,फहीम



लिजेंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 151 रनों का लक्ष्य रखा, जवाब में उतरी मंसूरी लिजेंट की टीम से मिर्जा ने 60 रन परवेज ने 55 रन जबरदस्त खेल दिखाया फहीम की टीम की और से सहादत अली ने कसी हुई गेंदबाजी की मगर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके,बल्लेबाजी करते हुए मंसूरी लिजेंट ने 151 रनों के लक्ष्य को 15 वें ओवर में ही हासिल कर फाइनल मैच जीत लिया,मंस. ूरी लिजेंट के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में हाजी रिजवान,जाहिद अली,ताहिर अली ,आसिफ ने किफायती गेंदबाजी करते हुए किसी भी बल्लेबाज को पिच पर नहीं टिकने दिया,जबकि मंसूरी टीम के बल्लेबाज मिर्जा ,परवेज ,जाबेद राजा, यामीन,पधान,मुजाहिद ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की,फाइनल मैच जीत के साथ मंसूरी लिजेंट को दस रुपए और चमचमाती ट्रॉफी मिली।

### चामुंडा माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और सौहार्द की दिखी अनूठी मिसाल

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर स्थित चामुंडा माता मंदिर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर नजर आया। श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में लीन रहे। कार्यक्रम में सभी धर्मों के लोगों की सहभागिता ने गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की सुंदर मिसाल पेश की। हिंदू-मुस्लिम एकता का यह दृश्य क्षेत्र में सामाजिक समरसता का संदेश देता दिखाई दिया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी धर्मपाल बाबा, बाबा गणेश जी, बाबा ज्ञानपुरी महाराज, बाबा ओगड़ जी और बंगाली बाबा सहित अन्य संत-महात्मा मौजूद रहे, जिन्होंने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। भंडारे में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग और समाजसेवी भी शामिल हुए। इनमें रविंद्र पाल सिंह (राजू), ओबीसी मोर्चा के महामंत्री प्रेमपाल वाल्मीकि, महेंद्र पाल सिंह, सुरेश पाल सिंह, सुरेश भगत, संजय कश्यप, मनोज पाल, संदीप कश्यप, मोती, समर पाल, मनोज कश्यप, विकास ठाकुर, विकास कश्यप और सुरेश पाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सद्भाव का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

### मिनी मार्वेल्स फेस्ट में नन्हे बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

**चन्दौसी।** ए.एम. वर्ल्ड किड्स स्कूल में सत्र 2026-27 के शुभारंभ से पूर्व रविवार को 'मिनी मार्वेल्स फेस्ट' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक कृष्ण गोपाल मंगलम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। फेस्ट में नन्हे बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, सोलो डांस और पोएम



रेसिटेशन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। डायरेक्टर अनूप मंगल व अलका मंगल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर सर्वज्ञ, आर्द्रिका व तिविषा को साइकिल, द्वितीय स्थान पर प्रिशा, एवंशी व काव्या को ट्रॉली बैग तथा तृतीय स्थान पर कियाना, नित्या व मायशा को स्टडी टेबल-चेयर प्रदान की गई। निर्णायक मंडल में संगीता गोयल, नैना व नूतन चौधरी शामिल रहीं। प्रधानाचार्या अर्चना सिरोही ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों ने रविवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। थाना क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान चौपाल लगाकर महिला संबंधित समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई और उन्हें निडर होकर आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर पंपलेट वितरित किए और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही मोबाइल पैनिक बटन व इमरजेंसी कॉल का डेमो भी दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कचहरी परिसर में नाले का निर्माण न होने से वकीलों और वादकारियों को परेशानी

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** अधिवक्ता भवन प्रथम स्थित कचहरी परिसर में नाले का निर्माण न होने से वकीलों और वादका. रियों को काफी परेशानी हो रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि नाले का आधा अधूरा निर्माण होने के कारण अधिवक्ताओं को अपने कार्यों को करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नाले के निर्माण के लिए कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे अधिवक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि नाले के निर्माण से कचहरी परिसर की साफ-सफाई भी प्रभावित हो रही है और वादकारियों को भी परेशानी हो रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र गुप्ता ने मांग की है कि नाले का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही नाले का निर्माण नहीं किया गया तो अधिवक्ता आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मामले में जब अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नाले का निर्माण जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में इंजी. नियर को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द नाले का निर्माण पूरा करें।अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिकारियों के आश्वासन से पहले भी कई बार आश्वासन मिल चुके हैं, लेकिन अभी तक नाले का निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द नाले का निर्माण किया जाए, ताकि अधिवक्ताओं और वादकारियों को परेशानी न हो।

**तुरन्त आवश्यता है।**

नर्सरी से कक्षा-8 तक अपने वायडाटा के साथ 11 अप्रैल तक अपने इन्टरव्यू के लिए सम्पर्क करें।

**व्हाट्सएप नम्बर-**
**9084209472**
**पर वायडाटा भेजा जा सकता है।**
**Mob. No. 9421844454**

# हनुमान जयंती को लेकर प्रशासन सतर्क, पुलिस ने किया पैदल गश्त

**मुरादाबाद।** महानगर में आगामी हनुमान जयंती के जुलूस को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने थाना प्रभारी कोतवाली, मुगलपुरा और सिविल लाइन्स के साथ मिलकर आयोजकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जुलूस के रूट, समय और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ध्वनि प्रदूषण, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के पश्चात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सर्किल क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि हनुमान जयंती का पर्व आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाया जाए, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन की इस सक्रियता से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

# IPL 2026: धोनी की शुरुआती गैरमौजूदगी

### राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबले की रूपरेखा तय करेगी

**गुवाहाटी, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पहला मैच सिर्फ रन और विकेट के बारे में नहीं है, जिसे अगले हफ्ते तक भुला दिया जाएगा। यह सैमसन के किसी जगह पर लौटने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बदलाव के बारे में है, वह ऐसे रंग पहनता है जो उसके अतीत से बिल्कुल मेल नहीं खाते।

संजू सैमसन, जो कभी राजस्थान की महत्वाकांक्षाओं का शांत चेहरा थे, अब एक विरोधी के रूप में बाहर हो गए हैं। क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेटर इसे एक ट्रेड कह सकते हैं, कमेंटेटर इसे स्ट्रैटेजी बता सकते हैं, लेकिन जो लोग अभी भी मानते हैं कि खेल में आत्मा है, उनके लिए यह उन रास्तों के अलग होने जैसा है जो कभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए। वह किसी अजनबी की तरह नहीं, बल्कि ऐसे खिलाड़ी की तरह आते हैं जो क्रीज, अपने पुराने ड्रेसिग रूम के मूड और शायद ओवरों के बीच की खामोशी को भी जानता है। जान-पहचान में आराम है, लेकिन दूसरी तरफ लौटना भी एक तरह की शरारत है। सैमसन उस तरह के फॉर्म में हैं जिससे सिलेक्टर हैरान रह जाते हैं और बॉलर की नींद उड़ जाती है - रन तेजी से बन रहे हैं, टाइमिग आसानी से हो रही है, और ज्यादातर बल्ला ही बोल रहा है। ऐसा फॉर्म सिर्फ उनकी नई टीम को ही मजबूत नहीं करता( बल्कि कहानी में वजन भी जोड़ता है। अगर वह सफल होते हैं, तो इसे सुधार के तौर पर पढ़ा जाएगा( अगर वह असफल होते हैं, तो इसे दबाव में लड़खड़ाना कहा जाएगा। क्रिकेट, आखिरकार, पीछे मुड़कर देखने पर ही उदार होता है। इस मुकाबले में एक अहम सबप्लॉट चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एमएस धोनी की गैरमौजूदगी है। एमएस धोनी के इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन के पहले कुछ मैच नहीं खेलने की उम्मीद है, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ओपनर भी शामिल है, क्योंकि वह पिडली की चोट के कारण कम से कम पहले दो हफ्तों के लिए बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी से न सिर्फ एक अनुभवी फिनिशर और विकेटकीपर लाइनअप से बाहर हो गए हैं, बल्कि लीडरशिप और धैर्य की भी कमी हो गई है, जिस पर सीएसके मुश्किल हालात में हमेशा निर्भर रहा है। उनकी गैरमौजूदगी में, टीम को बैलेंस और दिशा बनाए रखने के लिए रुतुराज गायकवाड़ की लीडरशिप और टीम के सभी खिलाड़ियों के अनुभव पर ज्यादा निर्भर रहना होगा। राजस्थान के लिए, एक जाने-पहचाने लीडर के जाने से एक कमी और एक मौका दोनों पैदा हुए हैं। रियान पराग के नेतृत्व में लीडरशिप युवा हाथों में आ गई है, जो अपने साथ युवाओं की बेसब्री और यह साबित करने का बोझ लेकर आया है कि बदलाव सिर्फ दिखावटी नहीं हो सकता। उनकी बैटिग काफी हद तक आक्रामक ओपनिग जोड़ी पर निर्भर है, जिसमें यशस्वी जायसवाल से उम्मीद है कि वे टॉप पर अपने अटैकिग इरादे से लय सेट करेंगे। असल में, रॉयल्स एक बदलाव की टीम है-एनर्जेटिक, निडर, लेकिन अभी भी दबाव में कंसिस्टेंसी की तलाश में है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स ने सोच-समझकर खुद को नया रूप दिया है। सैमसन के आस-पास, रुतुराज गायकवाड़ जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से उम्मीद है कि वे पारी को संभालेंगे, टॉप पर स्थिरता सुनिश्चित करेंगे और दूसरों को उनके आस-पास खेलने देंगे। मिडिल ऑर्डर में, डेवाल्ड ब्रेविस की मौजूदगी से जबरदस्त पोटेंशियल आता है, जो मोमेंटम की सबसे ज्यादा जरूरत होने पर बिना डरे स्ट्रोक खेलकर स्कोरिग रेट को तेज कर सकते हैं। हालांकि, राजस्थान का अपना बैलेंस भी है। रवींद्र जडेजा के शामिल होने से एक्सपीरियंस और वर्सेटिलिटी दोनों मिलती है, जिससे बीच के ओवरों में कंट्रोल मिलता है और बैट से फिनिशिग की काबिलियत मिलती है।



# ऑस्ट्रेलियाइयों के दम पर मुल्तान सुल्तांस की जीत के साथ शुरुआत

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के 2026 एडिशन में मुल्तान सुल्तांस की जीत की शुरुआत रही है, जिसमें उनके चार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने इस्लामाबाद यूनाइटेड पर पहले मैच में पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। जीत के लिए 172 रनों का पीछा करते हुए, विकेटकीपर जोश फिलिप के 55 और कप्तान एश्टन टर्नर के नाबाद 43 रनों की बदौलत सुल्तांस ने आठ गेंद बाकी रहते अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

पूर्व टेस्ट कप्तान के हेड कोच के तौर पर, टर्नर को कप्तान बनाया गया है, जबकि उनके साथी स्टीव स्मिथ उसी एक्सआई में थे और उन्होंने टॉप ऑर्डर में उनकी जगह ली थी।

स्मिथ, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने 'पीएसएल इतिहास की सबसे बड़ी साइनिग' करार दिया था, ने अपने पीएसएल डेब्यू में तीन छक्के मारे, लेकिन 31 रन पर आउट हो गए,

जब वह मिड ऑफ पर शादाब खान की गेंद को क्लियर नहीं कर सके। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई उप-कप्तान ने इस्लामाबाद की पारी के दौरान तीन जरूरी कैच लेकर मैच पर पहले ही बड़ा असर डाल दिया था। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश की, लेकिन जब स्मिथ ने उन्हें लॉन्ग ऑन पर कैच किया (21 गेंदों पर 40 रन पर), तो इस्लामाबाद यूनाइटेड की रफ्तार रुक गई। सदाबहार पीटर सिडल ने अपने चार ओवर में सिर्फ 29 रन दिए और रात का पहला विकेट लिया, डेवोन कॉनवे का, जिन्हें पॉइंट बाउंड्री पर कैच किया गया।

## खेल विशेष

### आदिवासी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को भारत के आदिवासी समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता मौजूद है। एआईबीए महिला विश्व बॉक्सिग चैंपियनशिप में छह बार स्वर्ण पदक जीतने वाली कॉम ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम के दौरान यूनीवार्ता को दिए एक साक्षात्कार मे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर आदिवासी खिलाड़ियों (पुरुष और महिला दोनों) को सही तरह का सहयोग मिले, तो वे निश्चित रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा किमैं खुद 'कॉम' समुदाय से आने वाली एक आदिवासी महिला हूं। आदिवासी लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां की परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं, उनमें जबरदस्त शारी. रिक और मानसिक दृढ़ता होती है और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में बहुत अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आदिवासी लोग स्वभाव से ही मजबूत होते हैं, और मुझे लगता है कि अगर उन्हें सही मात्रा में सहयोग और जागरूकता मिले।

### इंडिया अंडर-23 मेन्स ने ट्राई-नेशन चैंपियनशिप में भूटान को 5.0 से हराया

**इटानगर, वार्ता।** इंडिया अंडर-23 मेन्स नेशनल टीम ने अरुणाचल प्रदेश के यूपिया के गोल्डन जुबली स्टेडियम में अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 में भूटान को पांच गोल से हराया। सुहैल अहमद भट (51', 81') ने शनिवार को दो गोल किए, जबकि रिकी मीतेई हाओबाम (44'), टोम्बा सिंह हाओबाम (79'), और मुहम्मद अजसल (85') ने एक-एक गोल किया। इस जीत से इंडिया अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप में टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। ब्लू कोल्ट्स के पॉइंट्स (तीन) बराबर हैं और ताजिकिस्तान ने इस हफ्ते की शुरुआत में भूटान को 1-0 से हराया था।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** अयाबा. ंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी।

कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में सूजी बेट्स ने एनरी डर्कसन (72) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर ने सूजी बेट्स (53) का शिकार बना लिया।

जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के सिनालो जाफ्टा (13) और क्लोई ट्राइऑन (नौ) को आउट कर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने मैच में वापसी की। इसके बाद नदीन डी क्लर्क और कायला रेनेके ने एक बार फिर से पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर ले गए। 46वें ओवर में रोजमेरी मेयर ने एन डी क्लर्क (39) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़कर मैच को रोमांचक बना दिया।

# जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं: कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में वापसी करते हुए 38 गेंदों पर 69 रन बनाए और गत विजेतारॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पहले ही मैच में जीत दिलाई। जीत के बाद उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट से दूर बिताए गए समय से उन्हें तरोताघ व उत्साहित रहने और 120 प्रतिशत के साथ लौटने में मदद मिली।

कोहली का आखिरी टी-20 मैच आईपीएल 2025 फाइनल था, जिसे आरस. ीबी ने जीतकर अपना पहला आईपीएल खिताब हासिल किया था। उन्होंने अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत 202 रन के लक्ष्य को 15-4 ओवर में हासिल करके की। इस चेज में कोहली नाबाद रहे। उन्होंने कहा कि देखिए, पिछले 15 साल में जिस तरह का शेड्यूल रहा है और मैंने जितना क्रिकेट खेला है, मेरे लिए हमेशा थकान का जोखिम ज्यादा था। इसलिए ए ब्रेक मेरे लिए बहुत मददगार रहे। मैं तरोताघ और उत्साहित रहता हूं। जब



भी मैं खेलने लौटता हूं, 120 प्रतिशत के साथ लौटता हूं। मैं बिना तैयारी के वापस नहीं आता। असल में, अतिरिक्त आराम मुझे मान. सिक रूप से भी तरोताजा कर देती है। जब आप शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से उत्साहित हों, तो आप टीम के लिए योगदान दे पाते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में आप यही चाहते हैं। आप सिर्फ अपनी जगह बनाए रखने के लिए नहीं खेलते। आप लगातार अच्छा प्रदर्शन और टीम के लिए मेहनत करते रहना चाहते हैं। कोहली ने आईपीएल में आने से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे में 93, 23 और 124 रन बनाए थे। वह उस सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उससे पहले दिसम्बर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी उन्होंने 302 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक शामिल थे। एसआरएच के खिलाफ कोहली ने पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने 16वें ओवर में हर्षल पटेल के खिलाफ 6, 4, 4, 4 मारकर मैच समाप्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले साल जून के बाद टी-20 नहीं खेलने के बावजूद, हालिया वनडे प्रदर्शन ने उन्हें 'उसी तरह की मोमेंटम में बने रहने' में मदद की। उन्होंने एसआरएच के खिलाफ अपनी पारी के बारे में कहा कि मैंने ऐसे शॉट्स खेलने के प्रयास नहीं किए, जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता। मुझे पता था कि मेरा रिदम सही है और मैंने फिटनेस के लिए काफी मेहनत की है।

### कोहली अपना स्ट्राइक रेट कभी भी बढ़ा सकते हैं: बांगड़

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 फाइनल के बाद अपना पहला टी-20 खेलते हुए विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बड़ी जीत दिलाई।

उनकी 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी में पांच चौके और पांच छक्के शामिल थे और उन्होंने आरसीबी को 15-2 ओवर में ही 202 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू के मुताबिक कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थें। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा। शुरुआत में कोहली थोड़ा असहज दिखे।

# सबालेंका ने मियामी खिताब जीता

**फ्लोरिडा, वार्ता।** आर्यना सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 4 कोको गॉफ पर 6-2, 4-6, 6-3 से जबरदस्त जीत हासिल कर 2022 में इगा स्वियाटेक के बाद तक सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई। वह यह कामयाबी हासिल करने वाली पांचवीं महिला हैं, उनसे पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबा. लेंका ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह बहुत मायने रखता है। मेरा लक्ष्य हमेशा से इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है, और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है।

मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन मुझे अभी बहुत गर्व है। बेशक, बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं। इस जीत के साथ, सबालेंका ने डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-6 पहुंचा दिया, अब उन्होंने अपनी पिछली दो मीटिग जीती हैं। उन्होंने मियामी ओपन टाइटल भी सफलतापूर्वक डिफेंड किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक सेट गंवाया। वह 2019 और 2021 में एश्ले बार्टी के बाद इस इवेंट में बैक-टू-बैक टाइटल जीतने वाली पहली प्लेयर हैं, और 2013 से



2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद लगातार सालों में ऐसा करने वाली पहली प्लेयर हैं। ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान सबालें. का ने कहा कि कोको, तुम स्पीच देने में बहुत अच्छी हो। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता कि और क्या कहूं। लेकिन मैं तुमसे शुरू करना चाहती हूं। तुम एक फाइटर हो। तुमने मुझे एक बेहतर प्लेयर बनने के लिए बहुत पुश भी किया, और मुझे हमारी राइवलरी पसंद है। तुम कमाल की हो। मैं तुम्हें फाइनल में वापस देखकर खुश हूं और मुझे सच में उम्मीद है कि मैं और भी कई मैच खेलूंगी। तो तुम्हें और तुम्हारी टीम को बधाई। यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए सिगल्स टाइटल और कुल मिलाकर 30वां टाइटल है, जिसमें छह डबल्स शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंड स्लैम सिगल्स टाइटल, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिगल्स टाइटल और दो और डबल्स -- जिनमें से एक 2019 में मियामी में जीता था। उन्होंने ए सभी टोटल वर्ल्ड नंबर 1 पर 83 हफ्ते बिताते हुए हासिल किए हैं, जिसमें एक एक्टिव स्ट्रीक भी शामिल है जो 75 हफ्तों तक पहुंच गई है।

लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का यह लेवल न केवल शनिवार के फाइनल में, बल्कि एलेना रायबाकिना पर उनकी जबरदस्त सेमीफाइनल जीत जैसे प्रदर्शन से आया है। गॉफ के खिलाफ -- एक खिलाड़ी जिसने उन्हें अपने पूरे करियर में परेशान किया है, सबालेंका ने एक और पूरा, और सबसे जरूरी, शांत प्रयास किया। उन्होंने खुद को साबित करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। उन्होंने तुरंत ब्रेक लिया, एक शार्प-एंगल बैकहैंड विनर का इस्तेमाल करके 1-0 से आगे होने में मदद की, जो उस अप्रोच का शुरुआती प्रीव्यू था जो मैच को तय करेगा। उन्होंने बैकहैंड विनर मारकर पहला सेट 38 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में सबालेंका ने और भी शानदार खेल दिखाया, लेकिन यह गॉफ की लड़ाई थी जिसने आखिरकार इसे अमेरिकी खिलाड़ी के पक्ष में कर दिया। 3-3 के ब्रेक पॉइंट से पीछे होने के बाद, 22 साल की खिलाड़ी एक बार फिर खतरे से बाहर निकली, यह जानते हुए कि देर से ब्रेक लेने से उनके सारे मौके खत्म हो जाएंगे। कुछ गेम बाद उन्हें अपनी मेहनत का इनाम मिला जब उन्होंने ब्रेक किया। सबालेंका ने पहली बार -- और सिर्फ एक बार -- सेट गंवाया और मैच डिसाइडर में चला गया। लेकिन तीसरा सेट पूरी तरह से सबालेंका का था। गॉफ ने अच्छी सर्व की, लेकिन सबालेंका ने शानदार सर्व किया, अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 74 प्रतिशत और दूसरे सर्व में 61 प्रतिशत अंक जीते, इन नंबरों ने गॉफ का लगातार विरोध करना लगभग नामुमकिन बना दिया। वह दोनों विग्स से विनर्स स्प्रे करती रहीं। उन्होंने लाइन के नीचे एक बैकहैंड विनर मारकर 2-0 से होल्ड पक्का किया, फिर एक फोरहैंड विनर मारकर 5-3 के लिए एक जरूरी होल्ड पक्का करने में मदद की।

# मोदी ने रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर की सराहना की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में खेलों में मिली सफलता का उल्लेख करते हुए टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम करने वाली भारतीय टीम और रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम की सराहना की और आठ मार्च को आयोजित हुए अस्मिता लीग का भी जिक्र किया।

श्री मोदी ने 'मन की बात' के 132वीं कड़ी में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और पहला रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली जम्मू-कश्मीर की टीम की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने खेलों के बारे में बात करते हुए कहा कि देशभर के खेल प्रेमियों के लिए यह महीना जोश



और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी टीम की इस शानदार सफलता पर हम सभी को बहुत गर्व है। पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला। इस मुकाबले को जीतकर जम्मू- कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया।

# आठ स्वर्ण और एक रजत के साथ चमके कर्नाटक के मणिकांता एल

**रायपुर, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल का जीवन किसी ऐसे खिलाड़ी जैसा रहा है जिसे हर कुछ मिनटों में खुद को फिर से तैयार कर अगली चुनौती के लिए उतरना होता है। 21 वर्षीय मणिकांता ने रायपुर में चल रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए।

नौ स्वर्ण पदकों का लक्ष्य भले ही अधूरा रह गया, लेकिन उनका दबदबा पूरे प्रतियोगिता में साफ नजर आया। इस दौरान उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ रेस जीतना नहीं, बल्कि हर रेस के बीच बहुत कम समय होने के कारण खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना भी था। कई बार उन्हें पूल से निकल. कर सीधे पदक समारोह में जाना पड़ता और फिर तुरंत अगली रेस के लिए लौटना होता था। ब्रेस्टस्ट्रोक एक्सपर्ट मणिकांता ने खुद को चुनौती देते हुए चारों स्ट्रोक 'ब्रेस्टस्ट्रोक, फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई और बैकस्ट्रोक' भाग लिया, ताकि अपनी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक जीत सकें। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के सबसे सफल खिलाड़ी मणिकांता ने साई मीडिया से कहा कि अलग-अलग स्ट्रोक्स के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं होता, क्योंकि हर रेस की रणनीति अलग होती है। ऊपर से रेस के बीच समय भी बहुत कम था, जो इसे और चुनौतीपूर्ण बना रहा था। प्रतिदिन सिर्फ छह रेस होने के बावजूद मणिकांता पहले तीन दिनों में लगभग हर दूसरी रेस में उतर रहे थे। इस दौरान उन्हें रेस के बीच पदक समारोह में भी शामिल होना पड़ता था। इस कठिन शेड्यूल का असर तीसरे दिन की आखिरी रेस में दिखा, जहां 50 मीटर फ्रीस्टाइल में उन्हें अपने ही राज्य के धुनीश एम से पीछे रहते हुए रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उस रेस तक पहुंचते-पहुंचते मेरे पेट की मांसपेशियों में जकड़न होने लगी थी, जिससे मेरी गति प्रभावित हुई। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पहली बार मैंने इतने सारे इवेंट्स में, वो भी अलग-अलग स्ट्रोक्स में हिस्सा लिया। मणिकांता को तैराकी की प्रेरणा उनके चाचा मंजूनाथ से मिली, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के तैराक रह चुके हैं। इससे पहले वह इस साल जयपुर में हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं, जिनमें 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के व्यक्तिगत खिताब शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि अपने करियर की शुरुआत में मणिकांता बटरफ्लाई इवेंट पर ज्यादा ध्यान देते थे, लेकिन 2019 में कंधे की चोट के बाद उनके कोच सिन्जो ने उन्हें ब्रेस्टस्ट्रोक पर फोकस करने की सलाह दी। मणिकांता ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं ब्रेस्टस्ट्रोक के लिए ही बना हूं। जब मैं बटरफ्लाई की ट्रेनिग करता था, तब भी मेरा पहला राष्ट्रीय पदक 2016 में एक रिले रेस में आया था, जिसमें मैंने ब्रेस्टस्ट्रोक तैरा था। दावणगेरे के रहने वाले मणिकांता वर्तमान में बेंगलुरु के बसवनगुड़ी एक्वाटिक सेंटर में कोच राजीव आरएस के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि रायपुर में कई इवेंट्स में सफलता पाने के बावजूद मणिकांता अपने भविष्य को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि कई इवेंट्स में हिस्सा लेना शरीर पर काफी दबाव डालता है और इससे मेरे मुख्य इवेंट में प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। मैं अब पूरी तरह ब्रेस्टस्ट्रोक पर ध्यान देना चाहता हूं और इस साल होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। खेलो इंडिया में 20 से अधिक पदक जीत चुके मणिकांत के पास सीनियर नेशनल्स में भी दो रजत और एक कांस्य पदक है। हालांकि एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार करना होगा। 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन समय 2:13-03 सेकंड है, जबकि मणिकांत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2:20-55 सेकंड है। इस इवेंट का भारतीय रिकॉर्ड संदीप सेजवाल के नाम है, जिन्होंने 2009 में 2:12-02 सेकंड का समय दर्ज किया था। मणिकांता ने कहा, षपिछले दो महीनों से मैं इसी लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत कर रहा हूं और यही वजह है कि मैं यहां इतने सारे इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन कर पाया। मुझे पता है कि एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन अगर मैं लगातार मेहनत करता रहा तो यह संभव है। मणिकांता का सपना भविष्य में अपनी तैराकी उपलब्धियों के आधार पर कर्नाटक पुलिस में नौकरी हासिल करना भी है।

# जम्मू मैराथन 2019 से आए गहरे बदलाव का प्रतीक है: मनोज सिन्हा

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि 2019 में शुरु हुई जम्मू मैराथन के बाद से प्रदेश में गहरे बदलाव आए है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में जम्मू मैराथन के सम्मान समारोह में कहा कि शांति, समृद्धि और अनुकूल परिस्थितियों ने इस केंद्र शासित प्रदेश को विश्व स्तरीय आयोजनों के लिए एक पसंदीदा जगह बना दिया है।

इसका सपना आखिरकार पूरा हो गया है, क्योंकि सात दशकों के बाद, जम्मू-कश्मीर वैश्विक मंच पर अपना सही स्थान हासिल कर रहा है। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित जम्मू की पहली अंतर्राष्ट्रीय हाफ मैराथन, जिसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ की श्रेणियां शामिल थीं, में देश और विदेश से 3,000



से अधिक धावकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि मैं इस मैराथन को एक ऐसे आयोजन के रूप में देखता हूं जहां धावक ट्रॉफी, रैंकिग या पदकों की चिंता नहीं करते। वे बस अगले कदम के बारे में सोचते हैं। और यही मैराथन से मिलने वाला सबसे बड़ा सबक है। जम्मू और कश्मीर स्वयं इसी सिद्धांत का प्रतीक है। 2019 से, हमने एक-एक कदम करके आगे बढ़ते हुए, इस केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक नई पहचान गढ़ी है। हमने इसे शांति और समृद्धि के केंद्र में बदल दिया है, जो अब अंतर्राष्ट्रीय मैराथन, क्रिकेट टूर्नामेंट और यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबा. नी करने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि जम्मू मैराथन के माध्यम से, प्रतिभागियों ने न केवल अपने भीतर नए अनुभवों की खोज की है, बल्कि जम्मू और कश्मीर में आ रहे गहरे बदलावों को भी करीब से देखा है। यह नया संकल्प हमारे खेल जगत में भी अपनी जड़ें जमा रहा है। मुझे विशेष रूप से खुशी है कि 'फिट इंडिया' के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में, हम जम्मू और कश्मीर में एक नई खेल क्रांति की शुरुआत भी कर रहे हैं। फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन और गुल पनाग, प्रमुख नागरिक, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में युवाओं ने भी इस सम्मान समारोह में भाग लिया।

# मुरादाबाद में 'वंचित अधिकार की हुंकार' गूंजी

■ मिशन 2027 को लेकर लोक मोर्चा रैली में उमड़ा जनसैलाब





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के गांधी मैदान सेंट मेरी स्कूल के निकट, दिल्ली रोड में रविवार को जनसेवा दल, युवा सत्ता पार्टी और पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'लोक मोर्चा रैली' ने राजनीतिक माहौल को नई दिशा देने का संकेत दिया। "मिशन 2027" के लक्ष्य के साथ आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी ने इसे एक बड़े शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया। रैली को 'वंचित अधिकार की हुंकार' नाम दिया गया, जिसमें वंचित, पिछड़े, दलित और किसानों के अधिकारों को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनसेवा दल व लोक मोर्चा के अध्यक्ष विनेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है जब वंचित, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित अति दलित, और गरीब वर्ग अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि जनसेवा दल का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। "मिशन 2027" को उन्होंने सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन बताते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद युवा सत्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही बदलाव की असली ताकत है और आने वाले समय में युवा सत्ता पार्टी इस ऊर्जा को संगठित कर नई राजनीतिक दिशा देगी। उन्होंने रोजगार, शिक्षा, पारदर्शिता और अवसरों की समानता को प्राथमिक मुद्दा बताया। वहीं पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ वाल्मीकि ने सामाजिक समानता और संवैधानिक अधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को अब भी उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त मंच वंचित समुदायों की मजबूत आवाज बनेगा और उनके हकों के लिए संघर्ष को और तेज करेगा। अखिल भारत वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लल्ला बाबू द्रविड़ ने भी रैली में अपना समर्थन देते हुए कहा कि देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई अभी अधूरी है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज सहित सभी वंचित वर्गों को उनका सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए इस तरह के मंचों की जरूरत है। उन्होंने इस गठबंधन को सामाजिक एकता का मजबूत उदाहरण बताते हुए इसे आगे बढ़ाने की अपील की। रैली के दौरान जनसेवा दल के राष्ट्रीय सचिव नेम सिंह बौद्ध, राष्ट्रीय प्रवक्ता मंजेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, प्रदेश महासचिव राजौल सैन, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शशि सेन, मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह और जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सैन सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। सभी नेताओं ने एक स्वर में सामाजिक न्याय, समान अवसर और राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मंजेश ठाकुर और क्रांति शेखर सारंग ने किया, जबकि आयोजन व्यवस्था बेहद सुव्यवस्थित रही। रैली के दौरान "जनसेवा दल जिंदाबाद" और "वंचितों को अधिकार दो" जैसे नारों से पूरा गांधी मैदान गूंज उठा और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।विशेषज्ञों का मानना है कि यह जनसभा क्षेत्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। खासकर पिछड़े वर्ग, दलित और किसानों के मुद्दों पर इस मंच से दिए गए संदेश आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। रैली ने यह संकेत दिया है कि यह गठबंधन भविष्य में एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और 'मिशन 2027' को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने की घोषणा की गई।

## एक नजर

### आपूर्ति विभाग ने होटलों की चेकिंग कर परखी घरेलू गैस के इस्तेमाल की हकीकत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आपूर्ति विभाग ने आज नगर के होटल चाप और चाय की दुकानों का निरीक्षण किया और दुकानों पर हो रही घरेलू गैस की हकीकत को जाना। बतादे की इजरायल ईरान और अमेरिका की जंग के कारण सरकार ने अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए कमर्शियल गैस के इस्तेमाल पर रोक लगाई है और गैस एजेंसी द्वारा वितरण की जाने वाली व्यवस्था पर भी निगाहे जमा रखी है कमर्शियल गैस का इस्तेमाल बंद होने से काफी होटल एवं अन्य खाद सामग्री की दुकान बंद हो गई हैं मगर रोजी-रोटी को लेकर लोगों ने घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल दुकानों पर करना शुरू कर दिया है।

इसकी जानकारी मिलते ही आज आपूर्ति विभाग की टीम ने कुछ दुकानों पर छापेमारी की और कहीं-कहीं इस्तेमाल किए जा रहे गैस सिलेंडरों को पकड़ा इस छापेमारी के चलते दुकानदारों में हड़कम्प मच गया कुछ लोगों ने इसे श्रम विभाग की कार्रवाई बताया। बतादे की शनिवार को श्रम विभाग की टीम ने भी कुछ दुकानों पर छापेमारी करके दुकान पर काम कर रहे नाबालिक बच्चों की जानकारी जुटाई थी आज लोगों ने इस कार्रवाई को भी श्रम विभाग की कार्रवाई समझा इस मामले में कार्यवाही की जानकारी के लिए आपूर्ति विभाग से संपर्क नहीं हो पाया है।

### सुबह की सैर को निकले सेवानिवृत शिक्षक लापता गुमशुदी कराई दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सेवानिवृत शिक्षक सुभाष चंद्र बिश्नोई (75 वर्ष )पुत्र स्व० बालमुकुंद बिश्नोई शनिवार की सुबह घर से घूमने के लिए गए थे घर पर न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गए काफी तलाश करने पर वह नहीं मिले परिवार वालों ने देर शाम थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है स उनके पुत्र सौरभ बिश्नोई ने बताया कि उनके पिताजी को भूलने की बीमारी है 28 मार्च को सुबह 7 बजे घूमने निकले थे लेकिन वापस नहीं आये है। रविवार को उनकी तलाश में परिवार की अनेक टीमों ने आसपास के क्षेत्र का दौरा किया खबर लिखे जाने तक उनका पता नही चल पाया था स सेवानिवृत्त शिक्षक काफी समय से भारत विकास परिषद से भी जुड़े हुए थे।



### अहमदाबाद कसोरा में जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** अहमदाबाद कसोरा गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। 27 मार्च को गांव के पंकज पुत्र खेमपाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि गांव के ही सोबरन सिंह, पप्पू, सरवन, पुनीत, हैप्पी आदि सहित अनेकों लोग एक राय होकर आ गए। इस दौरान उनके साथ व उनके भाई बाबू सिंह के साथ मारपीट की। इस बीच जान से मारने की नीयत से हमला किया। गंदी गालियां दी। उनके भाई बाबू सिंह को गंभीर चोटे आई। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोबरन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है।

### ताइक्वांडो एकेडमी में बेल्ट टेस्ट का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी में बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने भाग लेकर कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अनुशासन, तकनीक और आत्मविश्वास का समन्वय देखने को मिला। बेल्ट टेस्ट के लिए मुरादाबाद ताइक्वांडो एसोसिएशन से आए आलोक कुमार ने परीक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न बेल्टों के लिए प्रतिभागी खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, फिटनेस, किक्स, पंच, संतुलन एवं आत्मरक्षा कौशल का परीक्षण किया। खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने स्तर के अनुसार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर परीक्षक ने उनकी सराहना की। परीक्षक आलोक कुमार ने मार्गदर्शन करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो न केवल आत्मरक्षा की कला है, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने एकेडमी द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा की। सफल प्रतिभागियों को उनकी योग्यता के अनुसार बेल्ट प्रदान करने की घोषणा की गई और सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा व रितिका शर्मा उपस्थित रहे।

### नंद समाज का जिला अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत



**कांठ( शाह टाइम्स )** नंद समाज का जिला अध्यक्ष घोषित होने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राजकुमार ठाकुर का स्वागत किया बतादे की नंद समाज सेवा समिति के निर्देशन में राष्ट्रीय नंद समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने कांठ निवासी राजकुमार ठाकुर को जिला मुरादाबाद का जिला अध्यक्ष घोषित किया था इसकी जानकारी मिलने पर समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई आज भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियो ने राजकुमार ठाकुर को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनसे समाज के प्रति हर समय तैयार रहने की उम्मीद जताई।

### जमीन खरीदने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के आसपास कुछ गांवों की जमीन अधिग्रहीत होनी बाकी है। अब एयरपोर्ट शुरू होने के चलते यहां संपत्ति खरीदने वालों की मांग बढ़ेगी। इसको देखते हुए प्राधिकरण जमीन खरीदने की प्रक्रिया में तेजी लाएगा।नोएडा का अधिकांश हिस्सा विकसित हो चुका है। अब सिर्फ एक्सप्रेसवे के आसपास ही कुछ गांवों के आसपास जमीन खाली पड़ी है। यहां से जेवर में बने एयरपोर्ट की दूरी भी 30-40 किलोमीटर ही है। ऐसे में यहां जमीन लेने वालों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है।प्राधिकरण के पास अभी यहां जमीन कब्जे में नहीं है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज भदासना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मंडल मूंढापांडे एवं दलपतपुर के प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन सातवें सत्र में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के ऐतिहासिक विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, सुशासन एवं राष्ट्रहित में लिए गए निर्णायक फैसलों पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। देश और प्रदेश में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह भारतीय जनता पार्टी की जनसेवा, पारदर्शिता और राष्ट्र प्रथम की सोच का परिणाम है। कार्यकर्ताओं का जोश और समर्पण यह स्पष्ट करता है कि हम सब मिलकर 2026 में संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए विकास की इस गति को और तेज करेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। मुंडापांडे और दलपतपुर मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## मालिक का ट्रक हड़पने वाले शातिर ड्राइवर को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने एक शातिर ड्राइवर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मालिक का हड़पा हुआ ट्रक बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ड्राइवर ट्रक को बेचने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे समय रहते पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार वादी गजराज सिंह पुत्र इमरत सिंह निवासी शाहपुर अब्दुलावारी थाना कांठ ने अपने ड्राइवर अमित शर्मा के खिलाफ ट्रक हड़पने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित शर्मा पुत्र हरशरण शर्मा निवासी ग्राम जशौरा थाना धनौरा जनपद अमरोहा के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने उसके कब्जे से ट्रक भी बरामद कर लिया है, जिसे उसने अपने पास अवैध रूप से रख लिया था। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने लालच में आकर अपने मालिक का ट्रक हड़प लिया था और उसे बेचने की योजना बना रहा था।



हालांकि, इससे पहले कि वह अपने मंसूबों में कामयाब हो पाता, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस द्वारा बरामद ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी, ताकि अपराधियों में कानून का डर बना रहे।

### ठाकुरद्वारा में खनन माफिया के हौसले बुलंद, प्रशासनिक आदेश बेअसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार एक बार फिर तेज होता नजर आ रहा है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद रात होते ही मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से शुरू हो जाता है, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक देर रात क्षेत्र की सड़कों पर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खुलेआम दौड़ती दिखाई देती हैं। जबकि जिला प्रशासन ने रात्रि में खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश जारी किए थे, इसके बावजूद यह सिलसिला लगातार जारी है। बताया जा रहा है कि खनन माफिया बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब प्रशासन ने साफ तौर पर प्रतिबंध लगा रखा है, तो फिर यह अवैध खनन किसके संरक्षण में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## नन्हे सितारों की चमक से सजा 'बचपन प्ले स्कूल' का वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के बुध बाजार स्थित बचपन प्ले स्कूल एवं कमला ग्लोबल एकेडमी का प्रथम वार्षिक समारोह रविवार को रंग, रोशनी और उत्साह के बीच बेहद भव्य अंदाज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों की प्रतिभा ने ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर तालियों की गूंज से सराबोर हो उठा। मंच पर कदम रखते ही छोटे-छोटे बच्चों ने अपने शानदार नृत्य, आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कभी देशभक्ति गीतों पर थिरकते कदम तो कभी सांस्कृतिक झलकियों से सजे कार्यक्रमख्रहर प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। बच्चों की मासूम मुस्कान और बेहतरीन तालमेल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया था, जिसने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर भावुक भी हुए और गर्व से झूमते नजर आए। इस भव्य आयोजन के माध्यम से विद्यालय ने पहली बार बड़े स्तर पर अपनी शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की झलक पेश कर एक नई पहचान बनाई। कार्यक्रम की सफलता में डायरेक्टर श्रीमती श्रुति अग्रवाल, चेयरमैन डॉ. इशु अग्रवाल एवं प्रिंसिपल मिस नीलू सिंह का विशेष मार्गदर्शन रहा।





वहीं शिक्षिकाओंख्रपायल मैम, रितिका मैम, सुम्बुल मैम सहित समस्त स्टाफ की मेहनत रंग लाई। अंत में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों को सराहा और ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। समारोह ने सभी के दिलों में खुशियों और गर्व की एक सुंदर छाप छोड़ दी।

### मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा

**ठाकुरद्वारा।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दारापुर में पुलिस टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा एंबुलेंस सेवा 108 जैसी सेवाएं उनके लिए हर समय उपलब्ध हैं। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और अन्य अपराधों की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए भी प्रेरित किया गया। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। इस अवसर पर मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महिला सुरक्षा, सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई थी। अभियान के दौरान महिला उपनिरीक्षक अर्चना तोमर, महिला हेड कांस्टेबल रानी गंगवार, हेड कांस्टेबल पूनम कम्बोज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रही।

## होम डिलीवरी सेवा ठप, राजा भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का हल्लाबोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** क्षेत्र में रसोई गैस वितरण की बदहाल व्यवस्था और होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह बंद होने से उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। रविवार को राजा भारत गैस वितरक केंद्र पर सैकड़ों उपभोक्ताओं ने एकत्रित होकर गैस एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।





प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर उन्हें एजेंसी के चक्कर काटने पर मजबूर किया जा रहा है। हैरानी और अफसोस की बात यह रही कि जहां गैस एजेंसी के खुलने का सरकारी समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित है, वहीं उपभोक्ता अपनी मजबूरी के चलते सुबह 5:00 बजे से ही खाली सिलेंडर लेकर कतारों में खड़े हो गए थे। एजेंसी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने परिसर में ही हंगामा शुरू कर दिया।प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि नियमानुसार प्रत्येक गैस कनेक्शन पर होम डिलीवरी की सुविधा अनिवार्य है, जिसके लिए उपभोक्ता शुल्क भी चुकाते हैं। बावजूद इसके, उन्हें खुद भारी सिलेंडर ढोकर एजेंसी तक आना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को हो रही है, जिन्हें अपना जरूरी काम छोड़कर घंटों लाइन में लगना पड़ता है। उपभोक्ताओं ने सवाल उठाया कि जब वे होम डिलीवरी का शुल्क दे रहे हैं, तो उन्हें यह सुविधा क्यों नहीं मिल रही?घ्घंटों चले इस हंगामे के कारण गैस एजेंसी परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा। उपभोक्ताओं ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि अगले कुछ दिनों के भीतर गैस की होम डिलीवरी सुचारू नहीं की गई, तो वे तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे और सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। फिलहाल, क्षेत्र में गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी और सुविधायुक्त बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। अब देखना यह है कि गैस एजेंसी प्रबंधक ने इस गंभीर समस्या का क्या समाधान निकालता है।

## टीएमयू कैंपस में भव्यता-दिव्यता के संग 30 को निकलेगी पालकी यात्रा

### सर्वप्रथम जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक निकलेगी पालकी यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में 24वें तीर्थंकर महावीर का 2625वां जन्मकल्याणक महोत्सव 30 मार्च को भव्यता और दिव्यता से मनाया जाएगा। यूनिवर्सिटी जिनालय से सुबह 7:15 बजे पालकी यात्रा निकलेगी। यहां से श्रीजी पालकी पर विराजमान होंगे। दिव्य घोष की धार्मिक संगीतमय धुनों में लीन श्रावक-श्राविकाएं श्रीजी के संग परिक्रमा करते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचेंगे। कैंपस का परिवेश एक दम जुदा होगा। श्वेत और केसरिया परिधान में सैंकड़ों श्रावक-श्राविकाएं भक्ति भाव में लीन रहेंगे। इससे पहले प्रातः छह बजे जिनालय में श्रीजी का अभिषेक एवम् शांतिधारा होगी। श्रीजी के रिद्धि-सिद्धि भवन में विराजमान होने के बाद प्रातः साढ़े नौ बजे चार स्वर्ण कलशों से अभिषेक होगा, जबकि शांतिधारा स्वर्ण एवं रजत झारी से होगी। जिनालय और रिद्धि-सिद्धि भवन में महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने तैयारियों का जायजा लिया। दूसरी ओर जन्म कल्याणक महोत्सव में शाम सात बजे श्रीजी की आरती और पालना विशेष आकर्षण होंगे। भव्यता से भगवान की आरती होगी।शाम 7:00 बजे जिनालय में श्रीजी की आरती, जबकि 7:30 बजे रिद्धि-सिद्धि भवन में भक्तामर दीप विधान तो रात आठ बजे श्रीजी को पालना झुलाने और भक्ति का कार्यक्रम होगा। रात 8:30 बजे से आरती होगी।कैंपस में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रातः छह बजे से धार्मिक कार्यक्रमों का शंखनाद होगा। जिनालय से श्रीजी की भव्य पालकी यात्रा निकलेगी, जिसमें श्रीजी को मस्तक पर विराजमान करके जिनालय से पालकी तक ले जाने का सौभाग्य सौधर्मे इंद्र को प्राप्त होगा। स्वर्ण कलश से अभिषेक के संग-संग शांतिधारा और पालना झुलाने का भी सौभाग्य मिलेगा। पालकी यात्रा मेडिकल हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, क्रिकेट पवेलियन, एडमिन ब्लॉक होते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचेगी। रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचकर श्रीजी का मंत्रोजाप के बीच अभिषेक होगा।





Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नो किंग को लेकर प्रदर्शन

ईरान के साथ अमेरिका–इस्राईल युद्ध को 30 दिन हो गए हैं और इसका अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है, बल्कि अगर हम यह कहें कि इसका और विस्तार ही हो रहा है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि सुनने में आ रहा है कि अमेरिका ईरान के साथ जमीन पर दो हाथ करने के लिए सैनिक भेज रहा है, लेकिन कहते हैं कि अति हर चीज की बुरी होती है। लोगों की जिस तरह कठिनाइयां इस संघर्ष से बढ़ती जा रही हैं उससे लगता है कि अब लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। जिस तरह कई देशों में इस युद्ध को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उससे साफ हो गया है कि अब आम जनता ने मान लिया है कि बस बहुत हो चुका। और देशों की बात तो छोड़िए खुद अमेरिका में ही बेहद बड़े स्तर पर राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें 80 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, दिलचस्प बात यह है कि यह प्रदर्शन अमेरिका के सभी पचास राज्यों में 3300 से ज्यादा जगहों पर हुए। इन प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना था कि अक्टूबर में पिछले प्रदर्शनों की तुलना में इस बात करीब दस लाख ज्यादा लोग शामिल हैं। लोग इतने उत्तेजित दिखाई दिए कि राष्ट्रपति ट्रम्प और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स के खिलाफ पोस्टर दिखा रहे थे और उन पोस्टरों पर उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। लोगों का कहना था कि हमें किंग नहीं चाहिए। वह नॉ किंग का नारा लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कई जगह पुलिस के साथ टकराव भी देखने में आया। बात केवल अमेरिका की नहीं है। ग्रीस की राजधानी एथेन्स में अमेरिकी दूतावास के बाहर भी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। इटली भी प्रदर्शन से अछूता नहीं रहा, वहां की राजधानी में कई बड़े नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। लोग इस्राईल के पीएम नेतन्याहू, इटली की पीएम मिलोनी और ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन खुलकर कर रहे हैं। अमेरिकी डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए कहा भी कि ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं और साथ ही कहा कि वह राजा नहीं हैं। उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। ट्रम्प कुछ भी कह रहे हैं, लेकिन पेरिस, लंदन जैसे शहरों में जिस तरह बड़े प्रदर्शन उनके खिलाफ हो रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि दुनिया अब इस युद्ध से ऊब चुकी है और शीघ्र इसे खत्म होते देखना चाहती है और डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू के लिए भी यह फैसला ठीक होगा कि वह किंग के बर्ताव से हटकर आम जनता का प्रतिनिधित्व करते दिखाई दें, जो बहुत कठिनाइयों का सामना इस समय कर रही है।

## बसपा में ही बन जाता जेवर एयरपोर्ट



जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे, अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते, तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता, काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डे के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गये थे, इतना ही नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती, तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता, सपा का तो ज्यादातर समय गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिये गये ऐतिहासिक फैसलों व किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने खर्च हुआ। **–सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा





**तनवीर जाफरी**

निःसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश श्सर्वशक्तिमान अमेरिकाश से अपने मधुर सम्बन्ध बनाए रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिए अमेरिका भी अन्य देशों के बीच श्बांटो और राज करोश का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं।

अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहां की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमे. रिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमे. रिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुए अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि –श्अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जाएगा, परन्तु गत 28 फरवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के बाद ईरान ने स्वयंभू महाबली अमेरिका को जिस तरह उसकी औकात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमे. रिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से गलत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, जॉर्डन व इराक जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के सार्वभौमिक इलाके। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचारघसिस्टम,थाड एंटी–मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गई। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका खुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफाजत नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिए भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किए गए शिया–सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिए पूर्णतय: अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमे. रिका से फासला बनाकर रखने का मन बना लिया है। ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने जिद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही खिलाफ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफी विरोध के स्वर बुलंद हुए हैं। गत दिनों किए गए अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें अत्यधिक हस्तक्षेप या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गई है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए ऑनलाइन अभियान चलाए और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय वार पावर रेजोल्यूशन भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के खिलाफ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज जरूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध जरूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को गलत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे हइस्राईल के दबावह में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र के निद. ेशक जोसेफ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफा तक दे दिया। अपने इस्तीफे के पत्र में जोसेफ केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को हकोई तत्काल खतराह नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और मौन विरोध है। कहना गलत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर कब्जे की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिए तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुंचने के लिए काफी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**गत 79 वर्षों में हमारी सरकारों ने अगर इस अनुभव का लाभ उठाया होता और आर्थिक विकास के मॉडल को इस तरह दिशा दी होती की गांव का जीवन आत्मनिर्भर बनता तो शहरीकरण और उससे पैदा हुई हजारों चुनौतियां आज हमारे सामने मुंह बाय न खड़ी होती। गांव की लक्ष्मी गांव में रहती और गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाता तो करोड़ों भारतवासियों को गंदी बस्तियों में नारकीय जीवन न जीना पड़ता। मुझे लगता है कि अगर गौ रक्षा के मामले में एक नई और समेकित सोच को केंद्र में रखते हुए विकास का मॉडल तैयार किया जाए तो गो वंश और भूमिहीन परिवारों का बहुत कल्याण हो सकता है। ए कोरी कल्पना नहीं है। इस दिशा में हमने एक छोटा सा प्रयोग 20 बरस पहले मथुरा में करके देखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम आए।**

# आ अब लौट चलें...



**विनीत नारायण**



जो लोग एक्स (ट्विटर) पर गंभीर विषयों को तलाशते रहते हैं उन्हें पता है कि किस तरह बाजारू शक्तियां हमारे दैनिक जीवन पर शिकंजा कसती जा रही हैं। हमारे खाद्यान, सब्जियां, फल व दूध ही नहीं, हमारी दवाईयां और वैक्सीन तक सब पर इन ताकतों का कब्जा है। इनका उद्देश्य ना तो हमें स्वस्थ रखना है और ना ही सुखी। अरबों खरबों रुपये का मुनाफा कमाना ही इनका उद्देश्य होता है। इनके लिए हम सब प्रयोगशाला के जानवर हैं, जिन पर यह लगातार खतरनाक परीक्षण करते रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का ताना–बना इस तरह बुना जाता है कि दुनिया के तमाम देशों का नेतृत्व इन ताकतों के चंगुल में फसा रहे और अपनी प्रजा के हितों का बलिदान करके भी इनके मुनाफे बढ़ाने में मदद करे। इन ताकतों का मुख्य केंद्र है अमरीका। यह सर्वविदित है कि अमरीका की शस्त्र उद्योग लॉबी अमरीकी शासकों को मोहरा बना कर दुनिया भर में युद्ध करवाती रहती है। जिससे उसका माल बिकता रहे। इन ताकतों के आगे अमरीका का सभ्य और सुसंस्कृत समाजभी लाचार है। 'एपस्टीन फाइल्स' में जिस क्रूर, पाशविक प्रवृत्तियों का खुलासा हुआ है उसके बाद अमरीका के तमाम मशहूर बड़े लोग जेल के सीखचों के पीछे होने चाहिए थे, पर वहां ऐसा नहीं हो रहा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिख गए हैं कि समरथ को नहीं दोष गुसाईं। जिस तरह के संकट और महामारियां अब लगातार हमारे जनजीवन पर बार–बार हमला करने लगी हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारा और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य अंधकार मय है। राष्ट्र का 'सकल घरेलू उत्पादन' या आर्थिक वृद्धि की दर उस राष्ट्र के लोगों के सुखी और स्वस्थ होने का पैमाना नहीं होते। ये आंकड़े उन्हें मुट्ठी भर लोगों को हर्षित करते हैं जो देश के तीन चौथाई संसाधनों पर कब्जा किए बैठे हैं। अगर लोगों की खुशहाली देखना है तो हमें पड़ोसी देश भूटान की ओर रुख करना पड़ेगा। जो अपनी प्रगति को सकल घरेलू उत्पादन के पैमाने पर नहीं बल्कि सकल घरेलू उल्लास हैप्पीनेस इंडेक्स के पैमाने पर नापता है। हमें अपने विकास की दिशा और दशा बदलनी चाहिए। देश के 5.5 लाख गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। जिससे आम भारतीय बाजारू शक्तियों के मकड़ जाल से बच कर सुखी और स्वस्थ जीवन जी सके। खाड़ी के देशों में चल रहा भयानक युद्ध, उससे निरंतर बढ़ता ऊर्जा संकट और वायु में घुलता जहर पूरी दुनिया के लिए हर दिन चिंता बढ़ा रहा है। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी पड़ रहा है। समस्या भयावय होती जा रही है। हर घर में अनिश्चितता और हताशा बढ़ने लगी है। कुकिंग गैस पर से निर्भरता हटा कर गोबर के कंडों और लकड़ी पर लौटना पड़ सकता है।

क्यों न इस दिशा में एक नई पहल की जाए। सनातन हिन्दू संस्कृति में गाय को मां माना जाता है। धर्म शास्त्र कहते हैं कि गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, उससे बना दही, छाछ, पनीर व घी स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। देशी गाय के गोबर और मूत्र के गुण वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हो चुके हैं। सदियों से हर सनातनी के घर गौ पालन की प्रथा थी, पर शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने इस परंपरा को बहुत तेजी से नष्ट किया है। गौ वंश और कृषि आधारित जीवन आम भारतीय को स्वस्थ और सुखी रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओली की गिरफ्तारी से दहशत और सन्नाटे में नेपाल की राजनीति





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में बदले की भावना भी एक अध्याय है लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है लेकिन इसकी जो टाइमिंग है वह बालेन सरकार पर सवाल खड़ा करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है तो कोई हिन्दू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है,यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरियता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है उससे ऐसा लगता है अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है। शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी क्योंकि पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच हेतु गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है। सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है,ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा–दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की।नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए। नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृहमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था।इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ,सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए। जिन आरोपों में पूर्व पीएम ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ लंबे समय तक चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामें को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग–अलग हैं वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं।बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग–अलग मत उभर कर सामने आया है। बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा क्योंकि फिर उन्हें कानून व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा।

ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृहमंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है। एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृहमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच हेतु गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग जो अब गृहमंत्री हैं ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांति पूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है। हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है। फिलहाल ओली और रमेश लेखक को अभी पांच दिन की पुलिस हिरासत में रखा गया है। ओली की गिरफ्तारी से नेपाल की राजनीति में दहशत भरा सन्नाटा पसरा हुआ है, भ्रष्टाचारी नेता और अफसर किसी कोने में दुबके हुए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। जम्मू में आयोजित 'जम्मू मैराथन 2026' के दौरान पदक प्रदर्शित करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## पाक ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। उन्होंने इसे 'शांति का संकेत' और ईरान का 'स्वागत योग्य और रचनात्मक कदम' बताते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगा।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने 200 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है। मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया कि पिछली रात, वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है।

# किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की बढ़ी टेंशन

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाले मिसाइल इंजन का किया परीक्षण, अमेरिकी रक्षा तंत्र के लिए खतरा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए और शक्तिशाली मिसाइल इंजन के परीक्षण का जायजा लिया। सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यह इंजन एक अपग्रेडेड, हाई-थ्रस्ट, सालिड-फ्यूल पर आधारित है और इसकी ताकत पहले से कहीं ज्यादा है। किम जोंग उन ने इसे देश की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मिसाइलों को पहचानना और रोकना बहुत मुश्किल है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है। इस इंजन की अधिकतम ताकत 2500 किलोटन मापी गई है। इससे पहले सितम्बर में हुए परीक्षण में यह ताकत 1970 किलोटन थी। यह टेस्ट देश के पांच साल के हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लक्ष्य परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को और आधुनिक बनाना है। किम जोंग उन ने कहा कि इस टेस्ट से देश की रणनीतिक ताकत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि,



■ इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें

यह टेस्ट कब और कहां हुआ, इसकी सटीक जानकारी नहीं दी गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दावे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया के एक शोधकर्ता ली चुन ग्यून ने कहा कि उत्तर कोरिया इसमें कुछ बातें छिपा रहा है। उन्होंने इंजन के जलने के कुल समय जैसी जरूरी जानकारी नहीं दी है। उत्तर कोरिया ने सितम्बर के परीक्षण को सालिड-फ्यूल इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड परीक्षण बताया था, और पहले कहा था कि इस इंजन का उपयोग इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए किया जाएगा। उस समय पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया जल्द ही उस इंजन से लैस एक आईसीबीएम का परीक्षण-प्रक्षेपण करेगा, लेकिन उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के इस कार्यक्रम में कुछ देरी हो रही है। यह भी संभव है कि वह रूस की तकनीकी मदद से बेहतर इंजन बना रहा हो। हाल के समय में रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध गहरे हुए हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक और हथियार भी भेजे हैं। ठोस ईंधन वाले इंजन से उत्तर कोरिया छोटी मिसाइलें भी बना सकता है। इन्हें पनडुब्बियों या मोबाइल ट्रकों से लान्च करना आसान होगा। जो कि अमेरिका के रक्षा तंत्र के लिए खतरा बढ़ाएगा। उत्तर कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। ये मिसाइलें अमेरिका तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी भी कुछ तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती मिसाइल के वारहेड को वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कराते समय सुरक्षित रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान संकट पर रूस की मददगारों को नसीहत

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह बात रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कही है। सैफ्रोनकोव ने कहा कि यहां मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि, कुल मिलाकर, खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई 'खेल के एक ही नियम' के अनुसार काम करे और सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे से निर्देशित न हो।

### रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच हो: लीबिया

**बेनगाजी।** लीबिया की सर्वोच्च राज्य परिषद (एसएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदेल अब्देलकाफी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को देश के तट से दूर भूमध्य सागर में रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूस के परिवहन मंत्रालय ने तीन मार्च को कहा था कि रूसी गैस टैंकर 'आर्कटिक मेटागाज' पर लीबिया के तट से दूर, भूमध्य सागर में माल्टा के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में यूक्रेन की मानवरहित नावों द्वारा हमला किया गया था।

### ड्रोन कार्रवाई में रूस के उस्त-लूगा तट को हुआ नुकसान

**मॉस्को।** रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 27 ड्रोन मार गिराए जाने से उस्त लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। लेनिनग्राद के गवर्नर अलेक्सांद्र ड्रोज्डेन्को ने यह जानकारी दी है। उन्होंने मैक्स पर कहा सत्ताईस यूएवी मार गिराए गए। उस्त-लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। कोई हताहत नहीं हुआ। गवर्नर ने बताया कि हमले की जवाबी कार्रवाई जारी है।

### अमेरिका में 48 रूस विभिन्न जेलों में बंद: संघीय जेल ब्यूरो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वर्तमान में 48 रूसी नागरिक विभिन्न जेलों में बंद हैं, जो देश की जेलों में बंद सभी विदेशी नागरिकों का लगभग 0.2 प्रतिशत है। विधि विभाग के संघीय जेल ब्यूरो (बीओपी) की प्रेस सेवा ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी है। फिलहाल अमेरिकी गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधों का हवाला देते हुए इन व्यक्तियों के नाम और व्यक्तिगत विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। एजेंसी ने यह भी बताया कि वर्तमान में 48 यूक्रेनी नागरिक और चार बेलारूसी नागरिक अमेरिकी जेलों में हैं। बीओपी के अनुसार, अमेरिकी जेलों में बंद सभी विदेशियों में से आधे से अधिक, यानी लगभग 12500 लोग, मैक्सिको के नागरिक हैं।

# IRGC टारगेट पर अब इजरायली-अमेरिकी विश्वविद्यालय

### तेहरान में विश्वविद्यालय पर हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपना वैध लक्ष्य करार दिया




■ ईरान युद्ध में बीते एक माह के दौरान जान माल का बेहिंसाब नुकसान, हजारों लोग हताहत, लाखों विस्थापित

**मॉस्को/तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने तेहरान में एक विश्वविद्यालय पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में इजरायली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को हमलों के लिए वैध लक्ष्य मानना शुरू कर दिया है। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चैनल ने टेलीग्राम पर बताया कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय वैध लक्ष्य हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस्फाहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उन कई विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में से केवल दो हैं, जिन पर पिछले 30 दिनों के दौरान ईरानी राष्ट्र के खिलाफ छेड़े गए अपने अवैध युद्ध के दौरान हमलावरों ने जानबूझकर हमले किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता का असली मकसद लगातार सामने आ रहा है: विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केंद्रों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख वैज्ञानिकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाकर हमारे देश की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को पंगु बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का यह दावा कि वह ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम' और 'आसन्न खतरे' का मुकाबला कर रहा है कि सिवाय दुर्भावनापूर्ण बहानों के और कुछ नहीं है-ये केवल मनगढ़ंत बातें हैं जिनका मकसद उनके असली इरादों को छिपाना है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र में सैन्य लक्ष्यों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते एक माह में जान माल का बेहिंसाब नुकसान हुआ है, लेकिन इस संघर्ष का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। दोनों देश अपने-अपने संघर्षविराम मसौदे पेश कर चुके हैं लेकिन अब तक आम सहमति नहीं बन सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते एक माह में ईरान में मृतकों की संख्या 1900 से अधिक हो गई है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 121 बच्चे शामिल हैं।

इजरायल पर हुए हमलों में करीब 20 लोगों की जान गई, जबकि खाड़ी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों में कई सैनिक हताहत हुए हैं, जिनमें कम से कम छह सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान में करीब 10,000 नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ जब अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हुई। इसी दिन ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मिनाब शहर का एक बालिका विद्यालय भी अमेरिकी मिसाइल का निशाना बना, जिसमें 165 लोगों की मौत हुई।

मृतकों में ज्यादातर 7-12 वर्ष की छात्राएं थीं, हालांकि अमेरिका ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि घटना की जांच हो रही है। अमेरिका-इजरायल ने आयतुल्ला खामेनेई की हत्या को 'पूर्ववर्ती हमला' करार दिया। इसके जवाब में ईरान ने अपनी पूर्व की चेतावनियों पर अमल किया और इजरायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य को भी बंद कर दिया, जहां से पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही हिजबुल्लाह भी संघर्ष में शामिल हो गया, जिसके बाद इजरायल ने लेबनान में जमीनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, जबकि अमेरिका ने कहा कि उसका लक्ष्य ईरान की सैन्य क्षमता को नष्ट करना है। युद्ध के दूसरे सप्ताह तक यह स्पष्ट हो गया कि ईरानी शासन ध्वस्त नहीं हुआ है और युद्ध लंबा खिच सकता है। तीसरे सप्ताह में संघर्ष और तेज हुआ जब इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों, विशेषकर साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला किया। इस हमले के बाद धधकती आग के कारण कई किलोमीटर दूर तक काले बादल छा गए और आसपास के इलाकों में काली बारिश भी हुई। इसके जवाब में ईरान ने क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया। इस दौरान इजरायल ने सुरक्षा सचिव अली लारिजानी और बासिज प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी सहित ईरान के कई शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की हत्या की। दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका की सैन्य क्षमता पर हमला जारी रखा। अमेरिकी सेना की केन्द्रीय कमान के अनुसार, वह ईरान में 11000 से ज्यादा सैन्य लक्ष्यों पर हमला कर चुका है और उसे करीब 3500 ठिकानों पर हमला करना बाकी है। उधर, होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं और वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। चौथे सप्ताह में अमेरिका ने संकेत दिया कि वह कूटनीतिक समाधान की तलाश में है और ईरान को युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।

## लेबनान में पत्रकारों की मौत पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे 'सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी' बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेघ्घीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार सुफातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को 'स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या' करार दिया और कहा कि यह 'सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश' है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि लेबनान में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दूसरी बार है जब इजराइल पर पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

## ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग

**इस्लामाबाद।** ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की हैं। इसके साथ ही इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश भी कर चुका है। उसने ईरान को 15 सूत्रीय अमेरिकी प्रस्ताव भी सौंपा है। इसमें ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना, मिसाइल कार्यक्रम घटाना, क्षेत्रीय प्राक्सी ग्रुप्स से समर्थन रोकना और सैंक्शन्स में राहत जैसे मुद्दे शामिल हैं। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

■ रूस, सऊदी-तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे
■ इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे

## कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति आवास पर ड्रोन अटैक

### अमेरिका ने बताया कायरतापूर्ण हमला

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का पूरा इलाका इन दिनों बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। ताजा मामला इराक के कुर्दिस्तान से आया है, जहां राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। इस हमले ने न सिर्फ कुर्दिस्तान बल्कि अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद से अमेरिका बेहद तल्ख तेवर में नजर आ रहा है।

वहीं, ईरान भी चुप नहीं है। दोनों देशों के बीच का पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जैसे ही राष्ट्रपति आवास पर हमले की खबर आई, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बिना देर किए एक बयान जारी किया। अमेरिका ने हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य' बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अमेरिका ने साफ लफ्जों में कहा है कि वह कुर्दिस्तान और इराक की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ मजबूती से खड़ा है। अमेरिका ने इराकी प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश के पीछे जो भी चेहरे हैं, उन्हें बेनकाब कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस एक हमले ने जितनी दहशत जमीन पर नहीं फैलाई, उससे कहीं ज्यादा इसने कूटनीतिक गलियारों में तनाव पैदा कर दिया है। हमले के कुछ ही घंटों के भीतर अमेरिका और ईरान के बीच आरोपों के तीर चलने लगे। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि इस हमले के पीछे उन उग्रवादी गुटों का हाथ है, जिन्हें सीधे तौर पर ईरान से खाद-पानी और हथियार मिलते हैं। अमेरिका ने कहा कि ईरान समर्थित ये गुट क्षेत्र में अपनी धमक बनाए रखने के लिए ऐसे हमलों को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी तरफ, ईरान ने भी इन आरोपों पर चुप रहना ठीक नहीं समझा। ईरान ने अमेरिका के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।



■ ईरान के साथ छिड़ी जुबानी जंग, अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा

## जमीनी हमले की साजिश रच रहा अमेरिका: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों को रोकने के कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि, हमलों का स्तर कम न होने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने रविवार को दावा किया कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का दिखावा कर रहा है, लेकिन हकीकत में वह एक जमीनी हमले की योजना बना रहा है।

मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि दुश्मन सार्वजनिक रूप से बातचीत और संवाद के संदेश भेज रहा है, जबकि गुप्त रूप से जमीनी हमले की साजिश रच रहा है। गालिबाफ ने यह भी कहा कि ईरान के सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें। उन्होंने कहा कि दुश्मन बातचीत की बात करता है, लेकिन जमीनी आक्रमण की योजना बना रहा है। अमेरिका संघर्षविराम के लिए 15 सूत्रीय सूची के जरिए से वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है जो वह युद्ध में नहीं जीत सका। हमारी सेनाएं तैयार हैं और हम कभी अपमानित नहीं होंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका को जवाब देकर उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सबक सिखाएंगे।

■ ईरानी सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने के इंतजार में ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें

# ईरान में जमीनी अभियान की अमेरिका कर रहा तैयारी

### अभियान मे विशेष ऑपरेशन बलों व पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की कार्रवाई शामिल होगी

■ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

अखबार के अनुसार किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। अखबार ने बताया कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों पर जवाबी हमले कर रहा है। वहीं अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किए है, जिसमें 150 से ज्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया था। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमला कर रहा है।

### परमाणु स्थलों पर रेडिएशन का स्तर बढ़ने की सूचना दे ईरान: आईएईए

**वियना।** ईरान के परमाणु स्थलों पर अगर रेडिएशन का स्तर बढ़ता है, तो वह इसकी सूचना अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को देगा। वियना में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। उल्यानोव ने कहा कि रेडिएशन प्रदूषण के संबंध में कुछ ईरानी एजेंसियां हैं जो निश्चित रूप से रेडिएशन के स्तर को माप रही हैं और अगर यह स्तर बढ़ता है, तो वे आईएईए सचिवालय को सूचित करेंगी। मुझे लगता है कि इस बात का भरोसा किया जा सकता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108